राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 219
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 04 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में जीआईएस तकनीक पर बनेंगे वर्टिकल सबस्टेशन
पेज 4 सहारनपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही, ललितपुर में एम्बुलेंस बांध में गिरी
पेज 6 शुभमन गिल ने किया कमाल, सेना देशों में टेस्ट में दोहरा शतक

## संक्षिप्त खबरें

### जैकलीन फर्नांडिस पर ईडी की कार्रवाई जारी रहेगी

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच और एक्शन जारी रहेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को उनकी याचिका खारिज कर दी, जिसमें ईडी की एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। ईडी ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एफआईआर दर्ज की है। जैकलीन भी इसमें आरोपी हैं। तिहाड़ जेल में रहने के दौरान ही सुकेश ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह को जेल से बाहर निकलवाने का झांसा दिया। इसके लिए उनकी पत्नियों से 200 करोड़ से अधिक की ठगी की।

### भारतमाला एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत; 3 गंभीर घायल

**जोधपुर।** राजस्थान के जालोर जिले से निकलने वाले भारतमाला एक्सप्रेस वे 754 पर हुए सड़क हादसे में मां बेटी समेत तीन लोगों की मौत हुई जबकि अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को पालनपुर और सांचौर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जानकारी अनुसार पीछे से आ रही कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी, जिससे कि यह हादसा हुआ है। मृतक परिवार उत्तरप्रदेश के बस्ती जिले के जोगीवाली निवासी है जो कि द्वारिकाधीश दर्शन करके वापस लौट रहा था । जानकारी अनुसार सांचौर में भारतमाला एक्सप्रेस वे 754 पर भादरुणा सरहद में बुधवार रात करीब 2.15 बजे यह घटना हुई।



### हैप्पी मॉर्निंग

पहला दोस्त- यार कल तो तू बहुत मायूस थाज आज इतना खुश कैसे है? दूसरा दोस्त- कल मेरी बीवी ने 7 हजार की साड़ी खरीद ली थी पहला दोस्त- अच्छा आज इतना खुश क्यों हैज उसने साड़ी वापिस कर दी क्या ? दूसरा दोस्त- नहीं यारज्मेरी पत्नी वही साड़ी पहनकर तेरी पत्नी से मिलने आ रही है...



### शायरी

बारिश के बा%द रात सड़क
आइना सी थी
इक पांव पानियों पे पड़ा चांद
हिल गया

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,239.47
-170.22 (0.20%)
निफ्टी:
25,405.30
-48.10

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 30
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 25

# उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

## अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी; हिमाचल के मंडी में अब तक 13 की मौत

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ। उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। ष्टरूपुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी।





उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

### गोवा में भारी बारिश के आसार, स्कूलों में आज छुट्टी

मौसम विभाग ने शुक्रवार को गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गोवा के सभी स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया है।

### उत्तराखंड में एसडीआरएफ ने नदी में फंसे मजदूरों को बचाया

उत्तराखंड के डाकपत्थर में गुरुवार को एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि बढ़वाला साधना केंद्र आश्रम के पास नदी में कुछ मजदूर फंसे हुए हैं ।सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई और फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकाला।

### समर्थन



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता राकेश टिकैत और अन्य लोग देवनहल्ली के किसानों को समर्थन देते हुए, जो मांग कर रहे हैं कि सरकार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में एयरोस्पेस पार्क के लिए उनकी भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया को स्थगित कर देना चाहिए।

## केजरीवाल का ऐलान- बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी आप

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में कहा, इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल गुजरात के दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, यह जनता का सीधा संदेश है कि अब विकल्प आम आदमी पार्टी है। आगे गुजरात में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। दिल्ली में हार पर कहा कि ऊपर-नीचे होता रहेगा। पंजाब में हमारी सरकार दोबारा बनेगी।

# दिल्ली में 'नो-फ्यूल' आदेश वापस लेने की तैयारी

## मंत्री ने कहा- पॉल्यूशन देखकर रोक लगे; 1 जुलाई से लागू होना था




### दिल्ली सरकार ने मार्च में नए नियम की घोषणा की थी

एक मार्च को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा था कि जुलाई से 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा था कि हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता आयोग को लेटर लिखकर पुराने वाहनों पर ईंधन भरवाने की रोक को फिलहाल रोकने की अपील की है। ये जानकारी गुरुवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी।

उन्होंने कहा कि जब तक ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचानने वाला सिस्टम पूरे एनसीआर में पूरी तरह नहीं लग जाता, तब तक इस नियम को लागू न किया जाए। सरकार वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठा रही है और इसका असर जल्द दिखेगा।

दरअसल, CAQM ने अप्रैल में आदेश दिया था कि 1 जुलाई से पुराने वाहनों में ईंधन नहीं डाला जाएगा, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। ये नियम दिल्ली के साथ-साथ बाहर से आए पुराने वाहनों पर भी लागू है।

इस पर सिरसा ने कहा;- ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचानने वाला सिस्टम पूरे एनसीआर में अभी लागू नहीं हुआ है। जहां अभी लगाया गया है, वहां ठीक से काम नहीं कर रहा।

कैमरे, सेंसर्स और स्पीकर्स में टेक्निकल प्रॉब्लम आ रही है। ऐसे में इस नियम को लागू करना उचित नहीं है।

# दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक


## डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं।

च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है।

इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है।




## कर्नाटक में जाति आधारित गणना में लापरवाही बरतने पर सीएम हुए सख्त

### तीन अधिकारियों को किया निलंबित



**बेंगलुरु।** अनुसूचित जाति के लिए जाति आधारित गणना करते समय ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में बेंगलुरु महानगरपालिका के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि यदि लोगों को डर है कि सर्वेक्षण ठीक से नहीं हो रहा है तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सीएम ने कहा कि क्या ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या है। हम ऑनलाइन गणना करेंगे या फिर घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। यह केवल अनुसूचित जाति से संबंधित है। निलंबित अधिकारियों के नाम रमेश, पेद्दाराजू और सी सेंथिल कुमार है। ये बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के राजस्व प्रभाग में कार्यरत हैं। बीबीएमपी जोनल कमिश्नर स्नेहल आर द्वारा दो जुलाई को जारी निलंबन आदेश के अनुसार, जिसे गुरुवार को मीडिया के साथ साझा किया गया, राजस्व निरीक्षक रमेश और कर संग्रहकर्ता पेद्दाराजू को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि उनके अधीन काम करने वाले गणनाकार घर के निवासियों से संपर्क करने और यह पुष्टि करने के बाद घरों पर स्टिकर चिपकाएं कि सर्वेक्षण पूरा हो गया है।

### ओडिशा भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भुवनेश्वर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर की पिटाई मामले में भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान की गिरफ्तार हुई है। उन्होंने गुरुवार शाम पुलिस के सामने सरेंडर किया। अब तक मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी हो गई है। प्रधान ने कहा- मैं जांच में सहयोग करने के लिए आया हूं। अगर मेरी गिरफ्तारी से मामला हल हो जाता है तो मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, भाजपा नेता पर आरोप है कि उनके समर्थकों ने के एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर साहू की जनसुनवाई के दौरान पिटाई कर दी थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में 6-8 लोग साहू को गालियां देते और लगातार घूंसे मारते दिख रहे थे।

# पिता और दो बेटियों समेत 5 को कैंटर ने रौंदा

## हापुड़ में स्वीमिंग पूल से एक बाइक पर लौट रहे थे, लाशें देख पत्नी बेहोश

हापुड़। यूपी के हापुड़ में कैंटर ने एक बाइक पर सवार 5 लोगों को कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों में पिता, दो बेटियां और एक भतीजा शामिल हैं। सभी बुधवार रात स्विमिंग पूल से नहाकर घर लौट रहे थे।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी लोग 10 फीट उछलकर सड़क पर गिरे। फिर तेज रफ्तार कैंटर के पहिए के नीचे आ गए। हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर ड्राइवर मौके से भाग गया।

घटना जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर हाफिजपुर थाने में पड़ाव गांव के पास हुई। कैंटर रॉन्ग साइड से आ रहा था। अंधेरा होने के चलते बाइक से भिड़ गया। मृतकों में मजीदपुरा निवासी दानिश (35), उनकी दो बेटियां मायरा (10), समायरा (7), भतीजा समर (8) और पड़ोसी वकील के बेटे माहिम (9) के रूप में हुई है। घटना से पहले स्विमिंग पूल की एक रील सामने आई। इसमें दानिश अपनी पत्नी के साथ डांस करता नजर आ रहा है। यह उसकी आखिरी रील थी।



गर्मी के चलते बुधवार को सिटी कोतवाली के मजीदपुरा निवासी दानिश ने स्विमिंग पूल जाने का प्रोग्राम बनाया। पत्नी और दो बेटियों के साथ ही उन्होंने अपने रिश्तेदार और एक पड़ोसी के परिवार को भी तैयार कर लिया।

सभी शाम 4.30 बजे दो बाइक और एक स्कूटी से रवाना हुए। इनमें दानिश (35), पत्नी रेशमा, दो बेटियां मायरा (10) और समायरा (7), भतीजा समर (8), साला शहजादे, उसकी पत्नी अरिता, पड़ोसी वकील की बड़ी बेटी इंशिया, छोटी बेटी अरीबा और बेटा माहिम (9) थे। यह सभी घर से 20 किमी दूर मिठ्ठेपुर गांव के एक निजी स्कूल के बने स्विमिंग पूल में नहाने पहुंचे। करीब 3 घंटे तक स्विमिंग पूल में नहाने के बाद सभी ने रात 10 बजे वापसी की। दानिश की बाइक पर उसकी दो बेटियां, भतीजा और पड़ोसी वकील का बेटा बैठ गए। दूसरी बाइक पर साला शहजादे और दानिश की पत्नी रेशमा बैठी थी, जबकि स्कूटी को शहजादे की पत्नी अरिता चला रही थी, पीछे वकील की दो बेटियां इंशिया और अरीबा बैठी थीं।

स्विमिंग पूल से करीब 15 किमी दूर पड़ाव गांव पहुंचे थे। सबसे आगे दानिश बाइक से चल रहे थे, बाकी दोनों गाड़ियां पीछे चल रही थीं।

### आदेश

गैंगरेप केस में ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी; बार काउंसिल से आरोपी की सदस्यता रद्द

# कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

कोलकाता। कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है।

जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा।



वहीं, पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है।

### पुलिस बोली- गुमराह कर रहे तीनों आरोपी

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं। साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश भी कर रही है कि मनोजित, जैब अहमद और प्रमीत मुखर्जी अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले किन-किन लोगों से मिले थे या किन लोगों के संपर्क में थे।

### पुलिस ने लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल से दो बार पूछताछ की

पुलिस ने कॉलेज की वाइस-प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी से भी दो बार पूछताछ की है। मनोजित मिश्रा ने उनसे 26 जून की सुबह फोन पर बात की थी। बुधवार को पुलिस ने उन 16 लोगों से भी पूछताछ की, जो घटना के वक्त कॉलेज परिसर में मौजूद थे। पुलिस को सुरक्षा गार्ड के कमरे से जब्त एक चादर पर एक दाग मिला है, और यह जांच की जा रही है कि उसका इस घटना से कोई संबंध है या नहीं। इस बीच, कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने बुधवार को इस केस की जांच अपने हाथ में ले ली है। अब तक एसआईटी जांच कर रही थी।

# केरल में फंसा फाइटर जेट एफ-35 बी नहीं हुआ ठीक

### अब टुकड़ों में वापस ब्रिटेन ले जाने की तैयारी; 20 दिन पहले इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अभी भी केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। कई बार रिपेयरिंग के बावजूद विमान उड़ान भरने की स्थिति में नहीं है। ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम इसे ठीक करने आई, लेकिन अब तक मरम्मत सफल नहीं हो सकी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब फाइटर जेट को टुकड़ों में मिलिट्री कार्गो एयरक्राफ्ट के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। फाइटर जेट की 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी पाई गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। एचएमएस के एक्सपर्ट ने बताया था कि जेट को ठीक करने में ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम की मदद लगेगी।

# संपादकीय

# अन्नदाता की चिता और राजा का तमाशा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

## 'आत्महत्या की चिता पर देख कर किसान को नींद कैसे आ रही है देश के प्रधान को?'

'767 किसान आत्महत्या कर चुके हैं — सिर्फ़ तीन महीनों में, सिर्फ़ महाराष्ट्र में।'
यह कोई सामान्य संख्या नहीं है।
यह 767 घर उजड़ने की दास्तान है।
यह 767 बुझती चूल्हों की चीख है।
यह 767 बच्चों की वह भूख है, जिसे अब कभी माँ की गोद नहीं मिलेगी।
यह सिर्फ़ आँकड़ा नहीं, एक सामूहिक क्रंदन है — जिसे सत्ता ने सुनने से इनकार कर दिया है।
भारत का अन्नदाता आज कर्ज़, बेबसी और ठगे जाने की त्रासदी में फंसा है।
बीज महंगे हैं। खाद की कीमतें आसमान छू रही हैं। डीज़ल पर टैक्स का अंबार है।
और मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कोई कानूनी गारंटी नहीं।
किसान की सबसे बड़ी चिंता यह नहीं कि वह फसल कैसे उगाएगा —
बल्कि यह है कि उसकी फसल बिकेगी या फेंकनी पड़ेगी ?
और जब वह थक-हार कर कर्ज़माफी की मांग करता है,
उसे 'फ्री की आदत' वाला कहकर अपमानित किया जाता है।
पर वही सरकार अरबपति पूंजीपतियों के लिए 'छूट का चेकबुक' खोल देती है।
आज की ही खबर है — अनिल अंबानी पर 48,000 करोड़ के एसबीआई फ्रॉड का आरोप है।
सोचिए—
एक किसान आत्महत्या कर रहा है 50,000 के कर्ज़ में, और अरबों की लूट को 'एनपीए' कहकर रफा-दफा कर दिया जाता है।

### 2014 में नरेंद्र मोदी ने वादा किया था —

2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करेंगे।
2025 में किसानों की ज़िंदगी ही आधी हो रही है।
यह सिर्फ़ विफलता नहीं —
यह नीतिगत निष्ठुरता है।
यह सुनियोजित बेरुख़ी है।
यह वह व्यवस्था है जहाँ टैक्स का बोझ आम आदमी पर,
और टैक्स की माफ़ी अमीरों के नाम पर।
जहाँ एक तरफ़ किसान आत्महत्या करता है,
वहीं दूसरी तरफ़ कैमरे के सामने प्रधानमंत्री मुस्कराते हुए
'पीएम किसान' योजना का प्रचार करते हैं।

### राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सच प्रतीत होता है —

'यह सिस्टम किसानों को चुपचाप, लेकिन लगातार मार रहा है।'
और प्रधानमंत्री मोदी अपने ही पीआर इवेंट्स की रोशनी में
देश के अंधेरे हिस्सों को देखने से इनकार कर रहे हैं।

### विडंबना देखिए —


जो अन्न देता है, वह कर्ज़ में डूब कर मर रहा है।
और जो देश को लूटता है, वह सत्ता की गोद में पल रहा है।
भारत की मिट्टी को सोना बनाने वाला किसान
जब खुद मिट्टी में मिल रहा है —
तब यह राष्ट्र सिर्फ़ झंडे लहराने में मग्न है।

### क्या यही 'विकास' है?

### अब सवाल पूछना ज़रूरी है —

☞ क्या भारत सिर्फ़ पूंजीपतियों का देश रह जाएगा ?
☞ क्या अन्नदाता की कोई कीमत नहीं बची ?
☞ क्या हमें ऐसे 'विकास' पर गर्व करना चाहिए, जो अपने ही अन्नदाताओं की अर्थी पर खड़ा हो ?
☞ क्या 'न्यू इंडिया' का मतलब एक ऐसा राष्ट्र है जहाँ किसान का शोक, केवल एक 'डाटा पॉइंट' बनकर रह जाए ?
अगर यह लोकतंत्र है, तो यह लोकतंत्र अन्नदाता का गला घोंट रहा है — मुस्कराते हुए, आँकड़ों की आड़ में।
अब वक्त है कि जनता बोले — और ज़ोर से बोले-
राजा को बताना होगा —
यह देश किसानों से चलता है, कॉर्पोरेट्स से नहीं। ?

#सवाल#ज़िंदा#है
#अन्नदाता#या#आत्महंता ?




अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस- 4 जुलाई, 2025

# सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव

ललित गर्ग



हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो 'एकता में शक्ति' की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है 'सहकारिता: एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना।' यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं।

सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है।

सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, 'मिलजुल कर काम करना' या 'आपस में सहयोग करना'। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है 'सभी के लिए एक, और एक सभी के लिए।'


भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके।

गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफे की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है। आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3580




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:




काकुरो - 3579 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।


□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3580



**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका ?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3579



## सूडोकु -3580


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3579 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3580



**बाएँ से दाएँ**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -3579 का हल



# नोएडा में जीआईएस तकनीक पर बनेंगे वर्टिकल सबस्टेशन

## मुबंई दौरे के बाद बनाया प्लान, लो मेनटेनेंस के साथ अंडरग्राउंड केबलिंग से होगा कनेक्ट

**नोएडा।** शहर में वर्टिकल सब स्टेशन बनाने का प्लान तैयार किया गया है। इनको बनाने के लिए 500 वर्गमीटर से कम स्पेस की जरुरत होगी। जबकि नार्मल के लिए 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा स्पेस लगता है।

ये सब स्टेशन गैस इंसुलेटड सब स्टेशन (जीआईएस) तकनीक पर बनाए जाएंगे। जैसा हाल ही में महराष्ट्र के मुबंई में बनाया गया है। दरअसल, नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने वहां बने वर्टिकल सबस्टेशन और अंडरग्राउंड केबल नेटवर्किंग का दौरा किया। जिसके बाद उन्होंने एक पीपीटी तैयार की। आगामी सप्ताह में इस पीपीटी का प्रजेंटेशन सीईओ लोकेश एम के समक्ष किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर अप्रूवल मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि वर्टिकल सबस्टेशन बनाने के लिए ज्यादा स्पेस की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे में जमीन बचेगी। जिसकी नोएडा में अब कमी है। एक ही वर्टिकल इमारत में 220, 132 से लेकर 33/11 केवी सबस्टेशन बनाए जाएंगे। ट्रांसफार्मर बाहर लगाए जाएंगे। स्विच गेयर की मदद से ये वोल्टेज को कनवर्ट करेंगे। इस प्रकार एक पूरा सिस्टम एक ही इमारत में वर्क करेगा। जिससे मैन पावर भी कम लगेगी।



### अंडरग्राउंड केबलिंग के साथ सप्लाई

इस पूरे सिस्टम बिजली सप्लाई के लिए अंडरग्राउंड केबलिंग से कनेक्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कनेक्शन तक अंडरग्राउंड होंगे। ताकि आंधी, तुफान या बारिश में फाल्ट की संभावना जीरो रहे। हाल ही में मुबंई में गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन तकनीक का प्रयोग करके 400 केवी का सबस्टेशन बनाया गया है। ये वर्टिकल बना है। इसमें उपकरणों को लंबवत रूप से व्यवस्थित किया गया है। जिससे कम जगह में अधिक क्षमता मिलती है। 400 केवी क्षमता उच्च वोल्टेज विद्युत शक्ति को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसी तरह यहां भी 220 केवी, 132 और 33 केवी एक ही इमारत में डिजाइन करके बनाए जा सकते है।

उन्होंने बताया कि जीआईएस एक ऐसी तकनीक है। जिसमें विद्युत उपकरणों को एक बंद गैस से भरे कंटेनर में रखा जाता है।

यह पारंपरिक एयर-इंसुलेटेड सबस्टेशनों की तुलना में कम जगह लेता है। धूल, नमी और अन्य पर्यावरणीय कारकों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। वर्टिकल सबस्टेशन में, विद्युत उपकरण, जैसे कि सर्किट ब्रेकर, ट्रांसफॉर्मर, और स्विच गियर, एक के ऊपर एक लंबवत रूप से व्यवस्थित होते हैं।

### गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन के फायदा

वर्टिकल सबस्टेशन पारंपरिक सबस्टेशनों की तुलना में कम जगह में स्थापित किए जा सकते हैं। ये नोएडा जैसे शहर के लिए बेहतर विकल्प है। जीआईएस तकनीक धूल, नमी और अन्य पर्यावरणीय कारकों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।

# लखनऊ में सीएजी रिपोर्ट पर लेखा समिति की सुनवाई

## नोएडा प्राधिकरण की स्पोर्टस सिटी, ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक विभागों पर लगी है आपत्तियां

**नोएडा।** लोक लेखा समिति आज लखनऊ में सीएजी की आपत्तियों पर सुनवाई कर रही है। बैठक में हिस्सा लेने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अफसर लखनऊ पहुंच गए है। इस बार खास तौर से स्पोर्ट्स सिटी, ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत विभाग से जुड़ी आपत्तियों पर सुनवाई होगी। सुनवाई को लेकर दो बार पहले ही रिव्यू बैठक नोएडा प्राधिकरण में हो चुकी है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, संस्थागत आदि विभागों की आपत्तियों को लेकर सुनवाई होनी प्रस्तावित है। करीब ढाई साल से लोक लेखा समिति सीएजी की आपत्तियों को लेकर सुनवाई कर रही है। अब तक सिर्फ स्पोर्ट्स सिटी, औद्योगिक संपत्ति, नियोजन विभाग से संबंधित आपत्तियों पर ही सुनवाई हुई, लेकिन औद्योगिक संपत्ति को छोड़ दें तो बाकी विभागों की सभी आपत्तियों का निपटारा नहीं हो सका है।



### 200 से ज्यादा है आपत्ति

प्राधिकरण ने बताया कि करीब 200 से ज्यादा आपत्तियां है। जिसमे स्पोर्टस सिटी की सुनवाई प्राथमिकता के आधार होती है। इसमें कई आपत्तियां लगाई गई है। प्रमुख आपत्ति बिल्डरों को दी जाने वाले छूट से संबंधित है। जिससे प्राधिकरण को राजस्व नुकसान हुई और अब योजना को पूरा नहीं किया जा सका।

### इन आपत्तियों पर होगी सुनवाई

स्पोर्ट्स सिटी पर सीएजी ने 32 आपत्ति लगाई थीं जिनमें से 10 का निपटारा हो चुका है जबकि 22 पर सुनवाई होनी बाकी है। नियोजन विभाग के कामकाज पर 13 आपत्तियां लगाई गईं थीं जिनमें से 11 का निपटारा हो चुका है। बता दे स्पोर्टस सिटी परियोजना की जांच सीबीआई कर रही है। इसके अलावा नोएडा बिल्डर-बैंक गठजोड़ यानी सबवेंशन की जांच भी सीबीआई की ओर से की जा रही है।

# भाकियू महासभा की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बा स्थित राष्ट्रीय कैंप कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (महासभा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही 14 जुलाई को होने वाले संगठन के स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ गांव अनवरगढ़ का दौरा किया। उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही से मृत युवक अनीस के परिजनों से मुलाकात की। संगठन ने प्रशासन से घटना के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। गीता भाटी ने चेतावनी दी कि दोषियों पर कार्रवाई न होने पर संगठन सड़कों पर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की। इस अवसर पर करण ठाकुर, दीपक ठाकुर, सीमा भाटी, मिथलेश सिंह, बिजेंद्र कसाना, अरुण भाटी, वाहिद भाटी और सादिक खान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रेटर नोएडा में जलदोहन के खिलाफ किसानों का विरोध



**यूनिवर्सिटी ने 15 दिन में समाधान का दिया आश्वासन, तत्काल प्रभाव से पानी निकालना बंद**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने गुरुवार को एक यूनिवर्सिटी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। यह विरोध अवैध जलदोहन के कारण आसपास के गांवों में गिरते जलस्तर को लेकर था। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में टीकम सिंह ने अध्यक्षता की। गौर सिटी चौकी इंचार्ज आशीष यादव, यमुना विकास प्राधिकरण के जेई विशेष यादव और सिक्योरिटी इंचार्ज राजाराम की मौजूदगी में यूनिवर्सिटी प्रशासन से वार्ता हुई। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से जलदोहन बंद करने का निर्णय लिया। साथ ही समस्या के स्थायी समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा। यमुना विकास प्राधिकरण के सिक्योरिटी इंचार्ज राजाराम ने आश्वासन दिया कि उनकी निगरानी में पानी निकालने की गतिविधि पूरी तरह बंद रहेगी। जलदोहन से आसपास के चार गांवों का भूजल स्तर काफी नीचे चला गया था। प्रदर्शन में मनवीर भाटी, ओमपाल भाटी, सिब्बू मुखिया, राजन गोड, सदाकत खान, जाबिद, अहमद, सहीद सचिन, जीता ठाकुर और अशोक तोमर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तरप्रदेश में पहली प्रो वॉलीबॉल लीग की तैयारी

## 8 टीमें लेंगी हिस्सा, विजेता को मिलेंगे 21 लाख रुपए

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन होने जा रहा है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लीग की ट्रॉफी और जर्सी का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे।

लीग में कुल 8 टीमें भाग लेंगी। इनमें लखनऊ टाइगर्स, गोरखपुर जॉइंट्स, नोएडा थंडर्स, मथुरा योद्धाज, अयोध्या सुपरकिंग्स, मुरादाबाद बुल्स, काशी वॉरियर्स और मुजफ्फरनगर लायंस शामिल हैं। लीग 5 अगस्त से शुरू होगी।

लीग के फाउंडर कुलवंत बालियान ने बताया कि यह प्रतियोगिता देश भर के वॉलीबॉल खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करेगी।

सभी टीमों में उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के खिलाड़ी शामिल होंगे। कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगे।

खेल मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन प्रबल प्रताप सिंह तोमर के अनुसार विजेता टीम को 21 लाख रुपए और उपविजेता को 11 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। खिलाड़ियों की नीलामी इसी कार्यक्रम से शुरू हो गई है।

# नोएडा क्रिकेट स्टेडियम में जल्द होंगे डे-नाइट मुकाबले

## फ्लड लाइट और अधूरे कामों के लिए आएगी नई कंपनी, 15 साल करेगी संचालन

**नोएडा।** सेक्टर-21ए क्रिकेट स्टेडियम में जल्द ही डे नाइट मुकाबले हो सकेंगे। स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए नई कंपनी का चयन किया जाएगा। नई कंपनी करीब 15 सालों तक क्रिकेट स्टेडियम का संचालन करेगी। साथ ही पुरानी कंपनी द्वारा छोड़े गए अधूरे कार्यों को पूरा करेगी। जिसमें फ्लड लाइट, कुर्सी और ड्रेसिंग रूम के कार्य है। बता दे प्राधिकरण ने संचालन करने वाली पहली कंपनी फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को टर्मिनेट कर दिया है।



### अधूरे काम और फ्लड लाइट लगेंगी

अब आरएफपी जारी की जाएगी। जिसमें हिस्सा लेने वाली कंपनियों में किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। यहीं कंपनी क्रिकेट स्टेडियम का संचालन और अधूरे काम पूरे कराएगी।

बता दे पुरानी कंपनी को स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाने व दर्शक दीर्घा में कुर्सी लगाने के साथ दूसरी सुविधाएं विकसित करनी थी।

इसके अलावा प्रतिमाह होने वाली एक लाख रुपए की आय को बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने थे। कोई बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन भी नहीं हो सका। लीज के तीन साल बीत जाने के बाद भी कंपनी ने इस दिशा में काम नहीं दिया।

### 400 करोड़ में बना है क्रिकेट ग्राउंड

करीब 400 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम में बेहतर इंफ्रा होने के बावजूद रणजी स्तर के मैचों की भी मेजबानी नहीं हो सकी। स्टेडियम केवल शौकिया मैचों का आयोजन स्थल बनकर रह गया है।

ऐसे में आरएफपी के जरिए आने वाली कंपनी इसके अधूरे कार्यों को पूरा करने के साथ यहां बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करेगी। साथ ही यहां क्रिकेट एकेडमी भी किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी को देने की बात है। ताकि नोएडा के उभरते हुए खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थान बना सके।

### जल्द पूरा होगा सिंथेटिक ऐथेलेक्टिस ट्रैक का काम

जिले का पहला सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक काम जल्द पूरा हो जाएगा। इसे सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में बनाया जा रहा है। ट्रैक की लंबाई 300 मीटर है।

इसके निर्माण में करीब तीन करोड़ रुपए खर्च हो रहे है। इसके पूरा होने के बाद करीब 200 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों को फायदा होगा। सिंथेटिक ट्रैक का इस्तेमाल 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और बाधा दौड़ समेत अन्य खेलों के लिए किया जा सकेगा।

# थाना सेक्टर 24 पुलिस की चैन लुटने करने वाले बदमाश से हुई मुठभेड़

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर 24 पुलिस ने गुरुवार को मुठभेड़ के उपरांत एक चैन लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में चैन लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया ।जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा, एक बिना नंबर प्लेट की चोरी की स्कूटी और 3350 रुपये नगद बरामद किए हैं। गौरतलब है कि थाना सेक्टर 24 पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-54 टी प्वाईंट के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी स्कूटी पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसपर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त व्यक्ति को रूकने का इशारा किया गया तो वह स्कूटी को तेजी से चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर स्कूटी सवार बदमाश द्वारा स्वयं को घिरता देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में उपरोक्त बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान अंकुर उर्फ आबिद उर्फ आदिल पुत्र ताज मलूक निवासी प्रताप विहार थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है। 28 अप्रैल 2025 को थाना सेक्टर-24 नोएडा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 52 मैट्रो के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति के गले से उसकी चैन छीनी गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 24 पर मुकदमा अपराध संख्या 188/2025 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।25 जून 2025 को थाना सेक्टर 24 पुलिस द्वारा उपरोक्त मुकदमा का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड में वांछित अभियुक्त इरशाद पुत्र इस्माईल निवासी पुरानी सीमापुरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया था तथा मुकदमा उपरोक्त में एक अन्य वांछित अभियुक्त अंकुर फरार चल रहा था।



# नोएडा में मारपीट का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-18 में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो का थाना सेक्टर-20 पुलिस ने संज्ञान लिया। पीड़ित की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दरअसल पूरा मामला सड़क पर गाड़ियों के टकराने से हुआ। टकराने के बाद आरोपी पक्ष ने गाड़ी से डंडा निकाला। डंडे से मारने के बाद लात घूसों से भी पीड़ित पक्ष के दो लोगों को पीट दिया। इस दौरान डीएससी रोड पर जाम की स्थिति बन गई। घटना सेक्टर-18 के मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 पर हुई। थाना सेक्टर-20 पुलिस बरौला निवासी दो पृथ्वी अवाना और रितिक बैसोया को हिरासत में लिया गया। दोनों का मेडिकल कराया गया। साथ ही वीडियो और बताए गए नंबर के आधार पर कार को जब्त कर सीज किया गया। बता दें, नोएडा में सड़क पर मारपीट और स्टंट करने के आए दिन वीडियो वायरल हो रहे है।

# मोबाईल चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों अमित बहादुर उर्फ भोलू पुत्र किशन बहादुर निवासी पॉकेट एन जनता फ्लैट सरिता विहार थाना सरिता विहार दिल्ली, कृष्णा पुत्र दिनेश पाण्डे निवासी गाँव कसमा मदार थाना खजौली जिला मधुबनी बिहार हालपता गली नंबर 7 मोहन बाबा नगर थाना बदरपुर दिल्ली, रोहित यादव पुत्र शैलेश यादव निवासी चारमऊ बटेश्वर रोड थाना नसीर जिला फिरोजाबाद हालपता पहला साठ फिटा रॉयल जिम थाना बदरपुर दिल्ली को सोम बाजार कट पर सेक्टर 49 रेड लाईट की तरफ से आने वाला रास्ते से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर, दो चाकू, दस मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है।

अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया वह जगह-जगह लोगों को शस्त्र दिखाकर भय व्याप्त कर सुनसान जगहों पर स्कूटी से घूम फिरकर मौका पाते ही लोगो से मोबाईल फोन छीन लेते हैं।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में दो बाइक की टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में खेरली नहर के पास बुधवार रात दो बाइक की टक्कर में एक 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सरकपुर गांव के निवासी निखिल अपने चचेरे भाई प्रीत के साथ दनकौर रेलवे स्टेशन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई। ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दूसरी बाइक पर सवार ककोड़ निवासी रिहान भी हादसे में घायल हो गया। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे प्रीत को मृत घोषित कर दिया। निखिल और रिहान की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पनीर के सात नमूने जांच के लिए भेजे

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में नकली पनीर की धरपकड़ तेज हो गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार की रात करीब 12.30 बजे और गुरुवार को सप्लाई वाहनों और दुकानों से पनीर के सात नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि पनीर में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार की रात टीम को जानकारी मिली कि नकली पनीर की सप्लाई हो रही है। टीम तत्काल सेक्टर-22 पहुंची। यहां पर टीम ने साईं डेयरी संचालक नबाब निवासी महंगौरा जिला अलीगढ़ से पनीर का एक नमूना लिया ।वहीं, सलीम डेयरी विजयगढ़ रोड सासनी द्वारा सप्लाई किए जा रहे पनीर का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। संचालक महिंद्रा पिकअप से पनीर की सप्लाई कर रहा था। इसके अलावा गुरुवार की दोपहर भी टीम ने घोड़ी बछेड़ा स्थित मंश डेयरी से पनीर का एक नमूना लिया। नगला चमरू स्थित शिव शक्ति डेरी से भी पनीर का नमूना लिया। जहांगीरपुर स्थित मोहन डेयरी से पनीर का नमूना लिया। टीम ने कुल सात पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

## दोस्त पर करोड़ों की धोखाधड़ी का केस

**नोएडा।** कॉलेज के समय दोस्त रहे व्यक्ति पर बिजनेस पार्टनर बनने के बाद करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। पीड़ित ने आरोपी दोस्त के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-39 में रहने वाले आनंद ने पुलिस को बताया कि वह एक्सपोर्टर हैं। उनका कारोबार देश के अलावा विदेश में फैला हुआ है। वर्ष 2007 में उनके दोस्त जसपाल सिंह ने साथ में बिजनेस करने के लिए डील की। साझेदार बनने के लिए 55.30 लाख रुपये लिए और एक कंपनी खोली। कंपनी में आनंद को 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी दी गई ।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2011 में उनकी सहमति के बिना अंशुमन मैगजीन में उन्हें 50 प्रतिशत का हिस्सेदार बना दिया गया। इसके बदले में वर्ष 2011 और 2012 में और रुपये लिए गए। इसके बाद उन्हीं रुपये से पीड़ित के दोस्त ने एक करोड़ 10 लाख रुपये में एक प्रॉपर्टी खरीदी ली, जिसे वर्ष 2022 में बिजनेसमैन को बिना जानकारी दिए ही 10 करोड़ रुपये में बेच दिया गया। साथ ही, दोस्त जसपाल ने कहा कि उनके हिस्सेदारी के रुपये जल्द ही दिए जाएंगे, लेकिन उन्हें उनके हिस्से के पांच करोड़ रुपये नहीं मिले। पीड़ित के अनुसार जसपाल ने बाद में उनके साथ समझौता किया और ढाई करोड़ रुपये देने का वादा किया।

## माध्यमिक स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था परखी जाएगी

**नोएडा।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और संसाधनों की गुणवत्ता अब मूल्यांकन के जरिए तय की जाएगी। कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, शिक्षक उपस्थिति और अन्य सुविधाओं के आधार पर परखा जाएगा। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से सभी डीआईओएस निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों को कुल 200 अंकों के आधार पर मूल्यांकित किया जाएगा। इसमें स्कूल में मिलने वाली व्यवस्थाओं के आधार पर प्रतिशत दी जाएगी। इसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा ग्रेड वाले विद्यालयों को उत्कृष्ट श्रेणी में रखा जाएगा। वहीं, 60 से 80 प्रतिशत को बहुत अच्छा और 40 से 60 प्रतिशत को अच्छी श्रेणी में जगह मिलेगी ।इसी के साथ 20 से 40 प्रतिशत और 20 से कम प्रतिशत वाले को असंतोषजनक श्रेणी में रखा जाएगा। इसके बाद ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर बच्चों और शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में कार्य किया जाएगा। आठ जुलाई कर रिपोर्ट भेजनी होगी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य को ऑनलाइन सूचना भरकर, आंकड़ों के साथ डीआईओएस को आठ जुलाई तक रिपोर्ट भेजनी होगी।

## एनपीसीएल की चार टीम बिजली हादसे रोकेगी

**ग्रेटर नोएडा।** बिजली से होने वाले हादसों को रोकने के लिए एनपीसीएल ने चार टीमों का गठन किया। यह टीम पैनल बॉक्स के पास जलभराव, खुले कंडक्टर आदि का पता लगाकर उन्हें दुरुस्त करेंगी। बारिश के मौसम में क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे, पैनल बॉक्स में करंट उतरने की संभावना अधिक रहती है। पूर्व में कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसको देखते हुए एनपीसीएल ने अपने नेटवर्क की निगरानी के लिए चार विशेष टीमें गठित की हैं। प्रत्येक टीम में दो प्रशिक्षित टेक्नीशियन शामिल हैं ।यह टीम शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गश्त कर बिजली के पैनल बॉक्स के पास जलभराव, खुले कंडक्टर, लीकेज इंडिकेटर (रिसाव सूचक) आदि का पता लगाने के काम में जुट गई है। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि नेटवर्क निगरानी टीम संभावित खतरों को रोकेगी। रखरखाव और समय रहते व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तुरंत सुरक्षा विभाग से संपर्क करेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से खराब हो चुके पैनल बॉक्स को बदलने के लिए अभियान चलाया गया था।

## एनकाउंटर में बाप-बेटे गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मुरादनगर पुलिस ने बुधवार देररात एनकाउंटर में दो लुटेरों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों के पैर में गोली मारी, यह दोनों देहात क्षेत्र में महिलाओं से कुंडल व चेन लूट करते थे। उसके बाद जेवरात को बेचकर अपने खर्चे चलाते थे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके से दो जोड़ी कुंडल, एक तमंचा, 3 कारतूस और प्लेटिना बाइक बरामद की है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा पेरिफेरल अंडरपास पर लगातार चेकिंग की जा रही थी। बुधवार देर रात बाइक सवार 2 युवक दुहाई की ओर से आते दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम को देखकर कन्नौजा रोड की तरफ बाइक से तेजी से भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए दोनों की घेराबंदी की। इस दौरान बाइक गिर गई। जिसे पुलिस द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया तो उन लोगों ने अपने को घिरता देख पुलिस पर तमंचे से फायर किया।

## कांवड़ यात्रा के लिए गाजियाबाद में विशेष इंतजाम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद के अनुसार, जिले में 700 पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर 24 घंटे तैनात रहेंगे। यात्रा मार्ग पर 1500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक मुख्य कंट्रोल रूम और 11 सब-कंट्रोल रूम से रीयल टाइम निगरानी की जाएगी। प्रशासन ने कांवड़ियों को डीएमई हाईवे पर बाइक न ले जाने की सलाह दी है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण यहां दुर्घटना का खतरा है। श्रद्धालुओं को केवल निर्धारित सुरक्षित मार्गों का उपयोग करने को कहा गया है। यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए मेरठ, हापुड़, दिल्ली और बागपत के अधिकारियों के साथ इंटरस्टेट मीटिंग की गई है। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर समन्वय बना रहेगा और यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव नियंत्रित रहेगा।

# सहारनपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही, ललितपुर में एम्बुलेंस बांध में गिरी

## ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, कल 35 जिलों में बारिश का अलर्ट

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में मानसून सीजन में नदियां उफान पर हैं। ललितपुर में गुरुवार को एक एम्बुलेंस शहजाद बांध में गिर गई। ड्राइवर और मेडिकल स्टाफ ने कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने क्रेन की मदद से एम्बुलेंस को बाहर निकलवाया।

सहारनपुर में बरसाती नदी में अचानक बाढ़ आ गई। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली बह गई। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। गोंडा में सरयू का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इसके चलते सड़क पर खड़ा बुलडोजर पानी में ही डूब गया। क्रेन से उसे निकाला गया। वाराणसी में गुरुवार सुबह गिलट बाजार पुलिस चौकी के सामने 20 फीट हाईवे अचानक धंस गया। इसमें एक युवक गिर गया। इसके अलावा, पुलिस की बैरिकेडिंग भी गिर गई। जैसे-तैसे आसपास के लोगों ने युवक को बाहर निकाला। गोंडा में ही भैंस की पूंछ पकड़कर सरयू नदी पार कर रहे एक 65 साल का बुजुर्ग बह गया। गुरुवार को दूसरे दिन भी उनका कुछ पता नहीं चला।



फर्रुखाबाद में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया। यहां लोहिया सेतु पर पांचाल घाट पर खतरे का निशान 137.10 मीटर है। गंगा का जलस्तर 136.60 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने से कई बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं।

बारिश से प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा खतरे के निशान 84.73 मीटर से 8 मीटर नीचे बह रही है। फाफामऊ गेज पर गंगा 76.80 मीटर और नैनी गेज पर यमुना 75.58 मीटर पर पहुंच गई हैं।

### 5 दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने कल, शुक्रवार को 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बाकी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 5 दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

### 24 घंटे में 6.2 मिमी बारिश

पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा लखीमपुर खीरी में 212 मिमी बारिश हुई।

पूरे प्रदेश की बात करें तो 6.2 मिमी बारिश हुई, जो कि सामान्य 5.5 मिमी से 13 प्रतिशत अधिक है। वहीं, एक जून से अब तक प्रदेश में 130.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि सामान्य 106.8 मिमी से 22 प्रतिशत अधिक है।

# सब्जी में नमक कम होने पर प्रेग्नेंट पत्नी का मर्डर


## कासगंज में लात-घूसे से पीटा, छत से फेंका; 7 साल पहले हुई थी शादी

**कासगंज।** यूपी के कासगंज में सब्जी में नमक कम होने पर पति ने 5 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या कर दी। उसे लात-घूसों से पीटा, फिर छत से फेंक दिया। चीख सुनकर दौड़ते हुए सास पहुंची और महिला को अस्पताल ले गई। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

वारदात के बाद पति गांव के बाहर खाली मकान में छिपा था। बुधवार देर रात गांव वालों ने उसे ढूंढ़कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मामला ढोलना थाना क्षेत्र के गांव नगला ढक का है।

### जानिए पूरा मामला

26 साल की ब्रजमाला की शादी 7 साल पहले नगला ढक गांव के रहने




वाले रामशरण उर्फ रामू के साथ हुई थी। 3 साल का एक बेटा भी है। महिला के चचेरे भाई राकेश ने बताया- मेरी बहन के पति रामशरण के पास 2 बीघा जमीन है। खेती से ही उसका परिवार चलता है। शादी के बाद से ही रामू बहन को छोटी-छोटी बातों को लेकर मारता- पीटता था।

बहन सीधी थी, जिसके चलते उसने कभी पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी। बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे बहन ने आलू की सब्जी बनाई। पति को खाना परोसा। सब्जी में नमक कम लगा तो रामशरण ने बहन डांटा। आवाज सुनकर बहन की सास पहुंच गई।

उन्होंने अपने बेटे को ऐसा करने से रोका। इसके बाद रामू और भड़क गया। उसने खाने की थाली फेंक दी और बहन को पकड़कर पीटने लगा। पहले थप्पड़ जड़े, फिर लात घूंसों से पीटा। जैसे ही सास थोड़ा पीछे गई। रामू ने बहन को छत से धक्का दे दिया।

### अलीगढ़ में 4 घंटे इलाज के बाद तोड़ा दम

चचेरे भाई ने बताया- बहन सिर के बल जमीन पर गिरी और बेहोश हो गई। उसकी चीख सुनकर सास दौड़ती हुई नीचे पहुंची। थोड़ी देर में पड़ोसियों भी आ गए। यह देखकर रामू फरार हो गया। इसके बहन की सास मीरा देवी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया। अलीगढ़ में 4 घंटे बहन का इलाज चला। बाद में उसने दम तोड़ दिया। देर रात गांव को पता चला कि रामू गांव के ही बाहर एक मकान में छिपा है। इसके बाद गांव वालों ने उसे घेरकर पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया।

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पठा विजयपुरा रात में हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गया सामान बरामद कर लिया है ।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 0291/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण नीतेश कुशवाहा पुत्र जमुना कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष, जीतू कुशवाहा पुत्र राकेश कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष, राजकुमार पुत्र छतू उम्र करीब 20 वर्ष समस्त निवासी गण मुहल्ला चौबयाना वार्ड न. दो कस्बा व थाना तालबेहट जिला ललितपुर को सुखबीर एग्रो सोलर प्लान्ट पठा विजयपुरा थाना महरौनी ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।

# लखनऊ में दामाद ने सास-ससुर की हत्या की

**लखनऊ।** लखनऊ में दामाद ने सास-ससुर की हत्या कर दी। उसने अपनी टीचर पत्नी के सामने ही दोनों का गला चाकू से काट दिया। आरोपी की पत्नी झगड़े के बाद मायके चली आई थी। बुधवार रात दामाद बच्चे से मिलने के बहाने बैग में चाकू लेकर ससुराल पहुंचा।

उसने शराब पी रखी थी। इस दौरान उसकी ससुर से कहासुनी हो गई। उसने ससुर का एक हाथ से मुंह दबाया और दूसरे हाथ से चाकू से गला काट दिया, तभी सास भी आ गई थी। बचाने के लिए दौड़ी तो उसने सास का भी गला काट दिया। पत्नी सरकारी प्राइमरी स्कूल में टीचर है। पत्नी ने बताया- मेरी आंखों के सामने मम्मी-पापा को मार डाला। (रोते हुए..) उसने मम्मी-पापा का गला इस तरह से काटा कि उनकी चीख भी नहीं निकली..। दोनों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई। यह देखकर मैं डर गई और शोर मचाने लगी। वह हत्या करने के बाद दोनों के शरीर को चाकू से गोदने लगा।

# प्रेमी के घर में पत्नी को चाकू से गोदा, मौत

**हाथरस।** हाथरस में एक युवक ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पत्नी प्रेमी के साथ रह रही थी। पति अपने 3 साथियों के साथ उसके घर पहुंचा, पत्नी और प्रेमी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पत्नी की मौत हो गई, प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया। पति के साथ आया एक युवक भी घायल हो गया। प्रेमी को सहपऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं, पति के साथ आए घायल युवक को गंभीर हालत में आगरा रेफर किया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

# छात्रा की हत्या करने वाला मुठभेड़ में अरेस्ट

## पुलिस ने पैर में गोली मारी, परिजन बोले- ढाबा पर बुलडोजर चले

**वाराणसी।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार की रात एमएससी की छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव एक ढाबे पर खून से लथपथ कंबल में मिला। छात्रा सुबह घर से कॉलेज गई थी जिसके बाद उसका शव बरामद हुआ।

पुलिस ने ढाबा संचालक और मैनेजर समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने 27 घंटे के अंदर आरोपी साहब बिंद को मिर्जामुराद इलाके में मुठभेड़ के बाद अरेस्ट कर लिया। वो मिर्जापुर का रहने वाला है।



छात्रा का मर्डर क्यों किया, ये पूछताछ हो रही है।

बता दें कि गुरुवार को छात्रा के परिजनों ने हंगामा किया था। नाराज परिजनों ने शव लेकर हाईवे पर चक्का जाम कर दिया है। वाराणसी प्रयागराज हाईवे के दोनों लेन बंद कर दी। वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। एडिशनल सीपी शिव हरी मीणा ने ग्रामीणों से बात की। ग्रामीणों ने कहा- होटल पर बुलडोजर चले। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। एडिशनल सीपी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

ग्रामीण छात्रा के शव को लेकर आदलपुर स्थित शव दाह घाट ले गए। जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान करीब 3 घंटे तक हंगामा चलता रहा।

# पॉलिथीन रखने पर वसूला तीन हजार रुपये का जुर्माना

**ललितपुर।** नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य बाजारों में प्रतिबंधित पॉलिथीन व्यापक छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन पकड़ते हुए दुकानदारों से 6 किग्रा पॉलिथीन बरामद 3000. रुपये का जुर्माना वसूल गया। संचारी रोग अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। गुरूवार को अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में पालिका की टीम द्वारा शहर क्षेत्र में व्यापक छापामार अभियान चलाया गया, जिसमें प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा सब्जी मण्डी,




फल मार्केट एवं नझाई बाजार में अभियान चलाकर टीम द्वारा सड़े गले फल जब्त करते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी गई।

नगर पालिका द्वारा संचारी रोग अभियान को लेकर पहल की जा रही है, जिसके क्रम में गुरूवार को अभियान चलाकर टीम द्वारा 6 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए 3 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही साथ दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करे। अभियान के दौरान यदि किसी भी दुकानदार के पास पॉलीथिन पाई जाएगी, तो उनके विरूद्ध जुर्माना वसूल के अलावा वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर लगी सब्जी एवं फल की दुकानों पर भी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी संख्या में सड़े गले फल एवं सब्जियां जब्त कर नगर पालिका सीमा के बाहर नष्ट की गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पालिका के सफाईर्मी मौजूद रहे।

# पैसे के लेन-देन में रिश्तेदार को मारी गोली, दोनों घायल

**हमीरपुर।** हमीरपुर में गुरुवार शाम पैसों के विवाद को लेकर हुए गोलीकांड से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव की है।

महोबा के गुगौरा गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह परिहार (48 वर्ष), अपने रिश्तेदार आनंद सिंह परिहार के घर टेढ़ा गांव आया था। बताया जा रहा है कि अनिरुद्ध ने आनंद से 20,000 रुपए उधार लिए थे। जब आनंद ने पैसे वापस मांगे और अनिरुद्ध ने असमर्थता जताई, तो विवाद इतना बढ़ गया कि आनंद ने अवैध तमंचे से गोली चला दी। अनिरुद्ध सिंह के दाहिने कंधे के नीचे गोली लगी और हाथ फ्रैक्चर हो गया। गोली चलाने वाले आनंद सिंह का भी हाथ झुलस गया। क्योंकि नाल से निकली बारूद ने उसे भी जख्मी कर दिया। दोनों घायलों को टेढ़ा गांव निवासी प्रिंशु सिंह ने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

डॉ. पुष्पेंद्र के अनुसार अनिरुद्ध के दाहिने हाथ में गोली लगी है। जिससे हाथ फ्रैक्चर हुआ है। आनंद का भी हाथ जख्मी है। दोनों की स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# गोरखपुर में पकड़ा गया 1.5 क्विंटल खोया

**गोरखपुर।** मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान में जुटी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरुवार को रेलवे बस स्टेशन से 1.5 क्विंटल खोवा बरामद किया। टीम ने इसे जब्त कर लिया है। शाम तक कोई व्यापारी खोवा को लेकर क्लेम करने नहीं आया।

इसे कानपुर से लाया गया है। खोवा के मिलावटी होने का संदेह है। कुछ दिनों तक विभाग खोवा के लिए दावे का इंतजार करेगी। किसी के न आने पर उसे नष्ट कर दिया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग को इस बात की सूचना मिली थी कि मिलावटी खोवा गोरखपुर लाया जा रहा है। टीम जब बस स्टेशन पर पहुंची तो वहां बस से उतारकर खोवा रखा हुआ था। टीम ने मौके पर पूछताछ की लेकिन यह कोई नहीं बता सका कि किस बस से इसे उतारा गया है।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डा. सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पनीर व खोवा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे बस स्टेशन पर जो खोवा मिला है, उसके पैकेट पर जमुना खोवा मंडी लिखा है। यहां की खोवा मंडी में इस नाम का कोई व्यापारी नहीं है।

टीम ने नौसढ़ में खजनी रोड पर दूधियों की जांच की।

वहां कई दूधिए दूध में पानी और बर्फ मिलाते पकड़े गए। 20 लीटर दूध नष्ट करा दिया गया। दूध के दो सर्विलांस नमूने भी लिए गए। उनके पास पंजीकरण भी नहीं मिला। नौ लोगों के बाइक नंबर नोट किए गए।

# बरेली में पकड़े गए 4 बदमाश

**बरेली।** बरेली के बहेड़ी में पुलिस ने ट्राली चोरी करने वाले 4 बदमाशों को गिरफ्तार किए गए हैं जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस ने चोरी की गई ट्राली और वारदात में इस्तेमाल ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है। आरोपी पहले गांवों में रेकी करते और फिर मौका पाकर ट्राली चुरा लेते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद दिलशाद उर्फ मोहम्मद आकिल निवासी जादौपुर, संजीव उर्फ मुन्ना और शिव सिंह निवासी ग्राम मसीत, सुरेश यादव निवासी ग्राम महेरापुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने 22 जून को ग्राम बांसबोझ से एक ट्राली चोरी करना कबूला है। उन्होंने बताया कि यह ट्राली संजीव के ट्रैक्टर स्वराज से खींचकर ले जाई गई थी। इसके अलावा 12 अप्रैल को ग्राम लबेदा से भी एक ट्राली चोरी की थी।

# गरीब परिवारों एवं सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों को सरकार की योजनाओं से करेंगे आच्छादित : डीएम

## वंचित व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण को गति देंगे खंड विकास अधिकारी

**ललितपुर।** जनपद के गरीब परिवारों एवं सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों को विकास की मुख्य धारा में लाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शुरू की गई मुहिम जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण की समीक्षा हेतु गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में गरीब परिवारों एवं सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए




व उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओ का लाभ दिलाया जाएगा, जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण में जिन ग्रामों को चिन्हित किया गया है, वहां श्रम विभाग द्वारा कैंप लगाकर मौके पर ही लाभार्थियों का पंजीकरण जाए, सहरिया बाहुल्य ग्रामों में पात्र व्यक्तियों को कैंप के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, निशुल्क राशन, पेंशन, शौचालय, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत एवं पेयजल कनेक्शन आदि योजनाओं से आच्छादित किया जाए। इसके लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण की योजनावार सूची भेज दी गई है, इस सूची के अनुसार संबंधित खंड विकास अधिकारी से समन्वय कर एक सप्ताह के भीतर कैंप आयोजित किए जाने हेतु मास्टर प्लान तैयार कर उपलब्ध करा दें।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म मामले का वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** बार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मु0अ0स0-229/2025 धारा 115(2)/351(3)/333/64 बीएनएस में वांछित अभियुक्त- अभिषेक लिटौरिया पुत्र नाथूराम लिटौरिया उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नगारा थाना बार जिला ललितपुर को सेमरा बुजुर्ग तिराहा थाना बार जनपद ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम उ. नि. संजीव धामा हे.का. केहरी प्रताप सिंह का. कुल्दीप कुमार आदि शामिल रहे।

## अवैध देशी शराब संग तस्कर गिरफ्तार

### 32 पेटियों में भरी थी 1440 पाऊच ब्ल्यू लाईम देशी शराब

**गाज़ीपुर।** अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, जमानियां कोतवाली पुलिस टीम ने 32 पेटी (1440 पाऊच) अवैध देशी शराब ब्ल्यू लाईम व एक बोलेरो के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उपनिरीक्षक अरुण पाण्डेय मय हमराह के क्षेत्र में मौजूद थे, तभी मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर देवढी पुलिया से आगे दाउदपुर तिराहा के पास से अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र लल्लन राम निवासी मौनिया बिगहा (डालमिया नगर) थाना डेहरी जनपद रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास के बोलेरो न्यू नं. बीआर 24 ए एम 0286 से 32 पेटी में 1440 पाऊच देशी शराब ब्ल्यू लाईम बरामद हुआ। अभियुक्त के विरूद्ध थाना जमानियाँ पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## शाहजहांपुर में 10वीं के छात्र की हत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में जमीनी विवाद में 10वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। स्कूल से लौटते समय आरोपियों ने उसे घेर लिया। गाली-गलौज की और विरोध करने पर गोली मार दी। इसके बाद लाश को कार में लाद लिया और भागने लगे। फायरिंग की आवाज सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी लाश फेंककर भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। छात्र को अस्पताल पहुंचाया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जब्ती का है। 17 साल का अपूर्व अवस्थी लखीमपुर जिले के भीकमपुर का रहने वाला था। लेकिन, वह कुंवरपुर जब्ती में रहने वाले अपने नाना राजकुमार के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। यहां सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में 10वीं का छात्र था। राजकुमार का उनके चचेरे भाई प्रेमपाल से जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा था।

## बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा

**कुशीनगर।** कुशीनगर के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के नाहर छपरा गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बच्चे की जान चली गई। बड़ा सेमराना टोला में गुरुवार को खुले में पड़े हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बनवारी मुसहर का बेटा क्रांति दोपहर 4 बजे स्कूल से लौटकर दोस्तों के साथ खेलने निकला था। घर से 200 मीटर दूर मैदान में करंट प्रवाहित हो रहा एक टूटा बिजली का तार पड़ा था। खेलते समय क्रांति इस तार के संपर्क में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसके साथ मौजूद कव्यांश (16) और रमेश (18) भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से गांव में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को रखकर सड़क पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्राम प्रधान रामप्रताप कुशवाहा और ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग भी की।

## खीरी में मोहर्रम की 300 साल पुरानी परंपरा

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी टाउन में मोहर्रम के अवसर पर 300 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन किया गया। गुरुवार को सातवीं का ऐतिहासिक जुलूस सुन्नी इमामबाड़े से निकलकर शिया इमामबाड़े तक पहुंचा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह जुलूस वर्तमान में स्थानीय अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सय्यद मुमताज मियां की देखरेख में निकाला जाता है। इस परंपरा की शुरुआत उनके नौवें पूर्वज सय्यद इसहाक मियां ने की थी। वे मशहूर संत हजरत हाफिज मोहम्मद मुश्ताक (छेदा मियां) के छोटे भाई थे। पांच सदी पुराने खीरी टाउन की धरती पीर-फकीर और संतों का निवास स्थल रही है। यहां के धर्मगुरुओं ने हमेशा इमाम हुसैन के संदेश को आगे बढ़ाया। उन्होंने नैतिकता, प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। खीरी टाउन की विशेषता है कि यहां इमाम हुसैन की याद में सभी धर्मों और जातियों के लोग श्रद्धा व्यक्त करते हैं। धर्मगुरुओं का मानना है कि इमाम हुसैन किसी एक धर्म के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए आदर्श हैं।

## मथुरा में रिश्वत लेते हुए कांस्टेबल गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का दावा करती हो लेकिन हकीकत यह है कि केवल यह एक दावा है। ऐसा ही देखने को मिला मथुरा में। जहां उत्तर प्रदेश पुलिस के एक सिपाही को एंटी करप्शन टीम ने ई रिक्शा संचालन के नाम पर रंगे हाथ रिश्वत मांगते हुए गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की टीम अब आरोपी सिपाही के खिलाफ थाना फरह में कार्यवाही करने में जुटी हुई है। मथुरा के थाना गोविंद नगर थाना पर सिपाही शुभम तैनात हैं। शामली का रहने वाला शुभम 2020 बैच का सिपाही है। शुभम पर आरोप है कि उसने ई रिक्शा संचालन के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इसके लिए उसने 20 हजार रुपए प्रति महीने तय किए। महाविद्या कॉलोनी में राम उर्फ संजू ठाकुर और महेश सारस्वत ई रिक्शा का संचालन करते हैं। इनके बाड़े पर 28 जून को थाना गोविंद नगर पर तैनात सिपाही शुभम चौहान पहुंचा और वहां कहा अगर ई रिक्शा चलाने हैं तो पुलिस को पैसा देना पड़ेगा। पहले 50 हजार और फिर 20 हजार रुपए प्रति महीना। इस पर संजू और महेश ने कहा इतना नहीं दे सकते। जिस पर शुभम ने कहा कि 3,4 दिन में इंतजाम कर लेना।

## अंसल के खिलाफ धोखाधड़ी के दो और मुकदमे

### फ्लैट और प्लाट के नाम पर ठगी, जांच



**लखनऊ।** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल कंपनी के खिलाफ प्लाट और फ्लैट के नाम पर धोखाधड़ी के दो और मुकदमे दर्ज हुए हैं। पुलिस पीड़ितों के दिए सबूतों के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अतुल कुमार शाही ने पुलिस को बताया कि 2008 में अंसल एपीआई में प्लाट लेने के लिए संपर्क किया था। प्रापर्टी समझ में आने पर 249 वर्ग मीटर का एक प्लॉट 7.25 लाख रुपए देकर बुक कराया। कंपनी ने 2013 में प्लाट की रजिस्ट्री कर दी। जब कब्जा करने के लिए प्लाट के विषय में जानकारी मांगी तो अंसल के लखनऊ से लेकर दिल्ली तक के ऑफिस के कर्मचारी टरकाते रहे। नतीजा 17 साल बीतने के बाद भी प्लाट पर कब्जा नहीं मिला। कई बार तगादा करने पर धमकाने लगे। दूसरी तरफ गाजीपुर निवासी राम अवध सिंह ने मार्च 2015 में अंसल एपीआई में फ्लैट पर कब्जा न मिलने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी ने करीब 6.35 लाख रुपए लेकर भी 10 साल बाद भी फ्लैट भी नहीं दिया। सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामलों की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाशिंगटन में अपना मुख्यालय नई जगह पर शिफ्ट कर रही एफबीआई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एफबीआई ने मंगलवार को कहा कि वह अपना मुख्यालय अपने वर्तमान मुख्यालय से कई ब्लॉक दूर वाशिंगटन के किसी अन्य स्थान पर ले जा रही है। एफबीआई और जनरल सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि अब नया मुख्यालय रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग परिसर में होगा। अभी एफबीआई का ऑफिस पेंसिल्वेनिया एवेन्यू पर है, जिसे 1975 में बनाया गया था। पहले बाइडन प्रशासन ने योजना बनाई थी कि एफबीआई को मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट शहर में ले जाया जाएगा। लेकिन अब योजना बदल गई है। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि एफबीआई का मुख्यालय शहर से बाहर ले जाना बहुत समय और अरबों डॉलर खर्च करने वाला काम होता, इसलिए इसे वाशिंगटन में ही शिफ्ट किया जा रहा है।

### नासा ने अनिल मेनन को पहली बार अंतरिक्ष स्टेशन मिशन के लिए नियुक्त किया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक अन्य अहम घटनाक्रम में देश की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन को पहली बार अंतरिक्ष स्टेशन मिशन के लिए नियुक्त किया है। अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपने पहले मिशन पर रवाना होंगे। इसमें वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के चालक दल के सदस्य के रूप में काम करेंगे। मेनन जून 2026 में रोस्कोस्मोस सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान पर सवार होकर रवाना होंगे। उनके साथ रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री प्योत्र डबरोव और अन्ना किकिना भी होंगे। कजाकिस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से इस यान को लॉन्च किया जाएगा। तीनों लगभग आठ महीने प्रयोगशाला में बिताएंगे।

### जलवायु परिवर्तन से अमेरिका पर असर वाली प्रमुख रिपोर्ट वेबसाइटों से हटाईं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कुछ जरूरी रिपोर्टें, जो यह बताती हैं कि जलवायु परिवर्तन अमेरिका को कैसे प्रभावित कर सकता है, अब सरकारी वेबसाइटों से गायब हो गई हैं। इसके चलते राज्य और स्थानीय सरकारों और जनता के लिए यह जानना कठिन हो गया है कि गर्म होती दुनिया से उन्हें क्या उम्मीद करनी चाहिए। राष्ट्रीय आकलन और अमेरिकी वैश्विक परिवर्तन अनुसंधान कार्यक्रम की वेबसाइटें सोमवार और मंगलवार को बंद रहीं, तथा अन्यत्र कोई लिंक, नोट या संदर्भ भी उपलब्ध नहीं थे। नासा की वेबसाइट पर खोज करने पर भी ये जानकारी नहीं मिली। नासा ने जानकारी के लिए किए गए अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन, जिसने आकलन में जानकारी का समन्वय किया, ने बार-बार पूछताछ का जवाब नहीं दिया। आकलन के लिए जिम्मेदार व्हाइट हाउस ने कहा कि कानून के अनुपालन के लिए जानकारी नासा के पास ही रखी जाएगी, लेकिन इस संबंध में कोई और ब्योरा नहीं दिया।

### ट्रंप ने कहा- टिलिस सीट के लिए उनकी बहू पहली पसंद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर उत्तरी कैरोलिना से रिपब्लिकन नेता थॉम टिलिस फिर से चुनाव नहीं लड़ते, तो उनकी बहू लारा ट्रंप इस सीट के लिए उनकी पहली पसंद होंगी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अब लारा ट्रंप उस राज्य में नहीं रहती हैं। यह साफ नहीं है कि ट्रंप अब लारा को उम्मीदवार नहीं बनाना चाहते या उनका वहां न रहना उन्हें चुनाव लड़ने से रोक सकता है। टिलिस ने रविवार को कहा कि वे अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। यह फैसला उन्होंने ट्रंप के बड़े टैक्स छूट और खर्च कम करने के फैसले का विरोध करने के बाद लिया। ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि इस सीट के लिए कौन-कौन चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने इशारा किया कि कोई सांसद मैदान में उतर सकता है, हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

### सेना प्रमुख का भूटान के सैन्य नेतृत्व से रक्षा सहयोग पर जोर

**थिम्पू, एजेंसी।** भूटान की आधिकारिक यात्रा पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का थिम्फू में रॉयल भूटान आर्मी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सेना प्रमुख ने वरिष्ठ भूटानी सैन्य नेतृत्व से मिलकर भारत-भूटान के बीच स्थायी रक्षा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। वह चार दिनी दौरे पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रॉयल भूटान आर्मी के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बाटू से भी चर्चा करेंगे।


### शुभांशु शुक्ला ने मांसपेशी स्टेम सेल पर किया अनुसंधान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को अंतररष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मांसपेशियों के स्वास्थ्य, अंतरिक्ष में पाचन और अंतरिक्ष यात्री मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोग किए। उन्होंने भारतीय स्कूली छात्रों के लिए एक शैक्षिक वीडियो भी रिकॉर्ड किया, जिसमें बताया गया कि मानव पाचन तंत्र अंतरिक्ष में कैसे काम करता है। नासा के मुताबिक, शुक्ला नेग्लोवबॉक्स के अंदर काम किया ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि मांसपेशी स्टेम कोशिकाएं सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में कैसे व्यवहार करती हैं।

# भारत नहीं मानेगा, पाकिस्तान को जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी : शहबाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। तब से पाकिस्तान कई बार भारत से संधि को बहाल करने की गुहार लगा चुका है। लेकिन भारत की ओर से पाकिस्तान के अनुरोध को कोई तवज्जो नहीं दी गई है। यही वजह है कि अब खुद पाकिस्तान भी इस हकीकत को कबूल करने लगा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत ÷पानी को हथियार बना÷ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के कथित इरादों के जवाब में पाकिस्तान को अपनी जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। शरीफ ने यह बयान इस्लामाबाद में नेशनल इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर (एनईओसी) के दौरे के दौरान दिया, जहां उन्होंने भारत पर सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा निलंबित करने का आरोप लगाया।

**क्या है सिंधु जल संधि और पाक से तनाव :** सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हस्ताक्षरित एक ऐतिहासिक समझौता है, जो सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल बंटवारे को नियंत्रित करता है। इसके तहत, भारत को सतलज, ब्यास और रावी नदियों पर पूर्ण नियंत्रण दिया गया, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित किया गया। हाल के वर्षों में, खासकर अप्रैल 2025 में भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने संधि को ÷निलंबित÷ करने की घोषणा की। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई। भारत का कहना है कि उसका यह कदम राष्ट्रीय हित में है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अप्रैल में स्पष्ट किया था कि ÷मोदी सरकार का सिंधु जल संधि पर लिया गया ऐतिहासिक निर्णय पूरी तरह से उचित और राष्ट्रीय हित में है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान को न जाए।÷ यह बयान भारत की उस नीति को दर्शाता है, जो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखती है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पाक को जाने वाला पानी भारत के राजस्थान जैसे राज्यों की ओर मोड़ा जाएगा।

**भारत के कदमों के जवाब में जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का फैसला किया: पीएम शहबाज :** भारत के फैसलों को पाकिस्तान कड़वे घूंट की तरह स्वीकार करने लगा है। शहबाज शरीफ ने जोर देकर कहा कि अब खुद पाकिस्तान को ही अपने जल की भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। शहबाज शरीफ ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा, ÷भारत ने जल संसाधनों को राजनीतिक हथियार बनाने की कोशिश की है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। इसके जवाब में हम गैर-विवादास्पद जल भंडारण परियोजनाओं को तेजी से लागू करेंगे।÷ पाक पीएम ने कहा कि भारत को सिंधु जल संधि को एकतरफा तौर पर निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, ÷लेकिन दुश्मन के पास पाकिस्तान के खिलाफ कुछ नापाक इरादे हैं और वह जल संधि के खिलाफ कदम उठाना चाहता है। इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि हम अपना जल भंडारण बनाएंगे।÷ उन्होंने 1991 के जल समझौते का हवाला देते हुए कहा कि इसमें प्रांतों के बीच जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का प्रावधान है। सरकार डायमर भाशा बांध जैसे संसाधनों का उपयोग करेगी। भारत ने जम्मू-कश्मीर में कई प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। इससे भी पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत ने तुलबुल नेविगेशन परियोजना को दोबारा शुरू करने और जम्मू-कश्मीर में बांधों की डिसिल्टिंग और फ्लशिंग की प्रक्रिया को तेज करने का फैसला किया है। पाक पीएम ने इस पर भी विरोध जताया। उन्होंने कहा कि ये कदम सिंधु जल संधि के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खेती के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। शहबाज ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान अपनी जल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए डायमर भाषा और अन्य बांधों के निर्माण को अपने संसाधनों से तेज करेगा।

## अमेरिका के पास हो गई हथियारों की कमी? यूक्रेन की सप्लाई रोकी, बीच युद्ध में दिया झटका



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका ने अपने हथियारों के भंडार में कमी होने का हवाला देते हुए यूक्रेन को भेजे जाने वाले कुछ हथियारों की खेप की आपूर्ति रोक दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका का हथियारों की आपूर्ति रोकना यूक्रेन के लिए एक झटका है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व वाले प्रशासन ने यूक्रेन को कुछ हथियार देने का वादा किया था ताकि वह रूस के खिलाफ जारी युद्ध में अपनी सुरक्षा कर सके। हथियारों की आपूर्ति पर यह रोक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की नई प्राथमिकताओं को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा अमेरिका के हथियार भंडार की समीक्षा किए जाने और इसमें कमी को लेकर चिंता जताए जाने के बाद यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की प्रवक्ता एना केली ने एक बयान में कहा, हमारे देश के सैन्य सहयोग और दुनिया भर के अन्य देशों को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा के बाद अमेरिका के हितों को सर्वोपरि रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। केली ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर मिसाइल हमले का ट्रंप द्वारा हाल में आदेश दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका की सशस्त्र सेनाओं की ताकत पर कोई सवाल नहीं उठा सकता- ईरान से पूछिए। अधिकारी ने कहा कि पेंटागन के पास कुछ हथियारों का भंडार कम पाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने यह विवरण नहीं दिया कि कौन से विशिष्ट हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है। मंत्रालय के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा, अमेरिका की सेना पहले कभी इतनी तैयार और सक्षम नहीं रही।

## ट्रम्प ने जापान पर 35प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी, अमेरिका से चावल न खरीदने पर भी नारजगी जताई थी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने धमकी दी है कि अगर अगले हफ्ते तक अमेरिका और जापान के बीच कोई व्यापार समझौता नहीं होता है, तो वे जापान से आने वाले सामान पर 30प्रतिशत या 35प्रतिशत तक का भारी टैक्स (टैरिफ) लगा देंगे।

ट्रम्प इससे पहले भी 2 अप्रैल को जापान पर 24प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं। उस वक्त उन्होंने कई देशों पर भी भारी टैक्स लगाने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में उन्होंने 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाकर 10प्रतिशत कर दिया था ताकि देश बातचीत कर सकें। यह 90 दिनों की समय-सीमा 9 जुलाई को खत्म हो रही है और ट्रम्प ने साफ कहा है कि वे इसे आगे बढ़ाने के मूड में नहीं हैं। ट्रम्प को शक है कि जापान के साथ कोई समझौता हो पाएगा। उन्होंने मंगलवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि उनकी जापान से बात हुई है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि कोई सौदा होगा। जापान ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अभी अमेरिका, जापान के ज्यादातर सामान पर 10प्रतिशत टैक्स लगा रहा है। जापानी कारों और उनके पुर्जों पर 25प्रतिशत और स्टील-एल्युमीनियम पर 50प्रतिशत का टैक्स भी है। जापान के चीफ कैबिनेट सचिव ने कहा है कि वे ऐसा कोई समझौता नहीं करेंगे जिससे उनके किसानों को नुकसान हो। ट्रम्प ने खास तौर पर जापान के अमेरिकी चावल न खरीदने पर नाराजगी जताई थी।

# ट्रम्प बोले- भारत से व्यापार समझौता जल्द होगा: टैरिफ काफी कम होंगे, 9 जुलाई से पहले होनी है दोनों देशों में डील

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता होगा। जिसमें टैरिफ काफी कम होंगे। ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए अच्छ बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत के साथ हमारी डील होने जा रही है। और यह एक अलग तरह की डील होगी। ऐसी डील, जिसमें हम भारत के बाजार में प्रवेश कर सकें और प्रतिस्पर्धा कर सकें। अभी भारत किसी को अंदर आने नहीं देता। लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब ऐसा करेगा। और अगर ऐसा हुआ, तो हम कम टैरिफ वाली डील कर पाएंगे। भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वॉशिंगटन में बीते 6 दिनों से बातचीत जारी है। इसका मकसद 9 जुलाई की अहम डेडलाइन से पहले एक अंतरिम समझौता करना है।

**ट्रेड डील नहीं होने से भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगेगा :** भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लग सकता है। यह वो तारीख है जब ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील



पर फैसले लेने के लिए दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26 प्रतिशत का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा अमेरिका कृषि व डेयरी में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। हालांकि भारत ने रुख कड़ा किया है। भारत का मानना है कि जीएम फसलों, कृषि व डेयरी प्रोडक्ट, मेडिकल डिवाइस व डेटा लोकलाइजेशन में ज्यादा छूट दी, तो खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। 2023 तक व्यापार को 500 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य

भारत-अमेरिका डील से जुड़े लोगों ने बताया- हफ्तों पहले हुई बातचीत में मुख्य रूप से भारत और अमेरिका में इंडस्ट्री और कृषि उत्पादों के लिए ज्यादा बाजार पहुंच, टैरिफ में कटौती और नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर फोकस रहा। अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस के अधिकारियों ने की। जबकि भारतीय व्यापार मंत्रालय की टीम की कमान सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल कर रहे थे। इस समझौते का लक्ष्य दोनों देशों के बीच सालाना द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 अरब डॉलर (करीब 16 लाख करोड़) से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर (करीब 43 लाख करोड़) तक ले जाना है।

## 70प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

### चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों पर भी पाबंदी, राष्ट्रपति बोले- राष्ट्रीय पहचान वाले कपड़े पहने

**अस्ताना, एजेंसी।** कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। हालांकि, बीमारी, खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म के नियम हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते। इस फैसले के खिलाफ 150 लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया था। कजाकिस्तान में करीब 70त्न लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।

**सेंट्रल एशिया के कई देशों में चेहरा ढकने पर रोक :** कजाकिस्तान के



अलावा मध्य एशिया के कई देशों ने भी चेहरा ढकने वाले कपड़ों, जैसे नकाब और बुरका, पर रोक लगाई है। ये देश अपनी संस्कृति और सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं। ताजिकिस्तानः 2024 में ताजिकिस्तान ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना था कि यह राष्ट्रीय संस्कृति की रक्षा और कट्टरपंथ को रोकने के लिए है। नियम तोड़ने पर जुर्माना है। किर्गिस्तानः इसी साल किर्गिस्तान ने नकाब पर रोक लगाई है। नियम तोड़ने पर 230 डॉलर (20 हजार रुपए) का जुर्माना है। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और लोगों की पहचान के लिए जरूरी है। उज्बेकिस्तान में बुरका और नकाब पर रोक है और नियम तोड़ने पर 250 डॉलर (22 हजार रुपए) से ज्यादा जुर्माना है। 2021 में हिजाब की इजाजत दी गई, लेकिन स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में इसे लेकर कुछ सीमाएं हैं। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए है। 2019 में ट्यूनीशिया ने सरकारी दफ्तरों में नकाब पर रोक लगाई, क्योंकि एक हफ्ते में तीन आत्मघाती बम हमले हुए थे। पहले 2011 तक इस्लामी कपड़ों पर रोक थी, जिसे बाद में हटा लिया गया। अल्जीरियाः 2018 में अल्जीरिया ने नौकरी वाली जगहों पर नकाब पर रोक लगाई, ताकि पहचान आसान हो। हिजाब की इजाजत है, लेकिन नकाब नहीं। मिस्रः 2023 में मिस्र ने स्कूलों में नकाब पर रोक लगाई। हिजाब की इजाजत है, बशर्ते चेहरा खुला रहे। क्यों लगाए जा रहे हैं ये प्रतिबंध? इन देशों का कहना है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं, क्योंकि इनसे लोगों की पहचान मुश्किल होती है। साथ ही, ये देश अपनी राष्ट्रीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## नेपाल में एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में 31 लोगों की मौत, 151 घायल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 28 मई से मानसून की शुरुआत हुई। जिसके बाद से एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 151 लोग घायल हो गए। इस संबंध में मंगलवार को अधिकारियों ने जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के प्रवक्ता सुरेश सुनार ने बताया कि 28 मई से 30 जून के बीच नेपाल में बारिश से जुड़ी 682 घटनाएं हुई हैं। इनमें बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरना और आंधी-तूफान जैसी आपदाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है और 151 लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा, घटनाओं में एक व्यक्ति लापता भी हुआ है।

**राहत-बचाव कार्यों के लिए निजी हेलीकॉप्टरों की ली जाएंगी सेवाएं :** सुरेश सुनार ने बताया कि बढ़ती स्थिति के मद्देनजर एनडीआरआरएमए और नागरिक उड्डयन संचालन संघ ने मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत मानसून के मौसम में आवश्यकतानुसार राहत और बचाव कार्यों के लिए निजी हेलीकॉप्टरों की सेवाएं ली जाएंगी।

**बिजली गिरने से हुई सबसे ज्यादा आठ मौतें :** सुनार ने बताया कि बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हुई है, जबकि बाढ़ और ऊंचाई पर



होने वाली बीमारियों से चार-चार लोगों की मौत हुई। आग लगने की घटनाओं में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि जानवरों के हमले में आठ लोगों की मौत हुई। दो लोगों की मौत सांप के काटने से हुई और एक-एक व्यक्ति की मौत आंधी और भारी बारिश के कारण हुई।

**प्राकृतिक आपदाओं में 222 पशुओं की भी हुई मौत :** सुरेश सुनार ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण 222 पशुओं की भी मौत हुई है। इसके अलावा, 333.43 मिलियन नेपाली रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से कुल 97 घर क्षतिग्रस्त हुए और 1,026 परिवार प्रभावित हुए।

## ट्रम्प बोले-इजराइल गाजा में 60 दिन के सीजफायर को तैयार, हमास को चेतावनी दी; कहा- समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि इजराइल गाजा में 60 दिन का सीजफायर करने को तैयार हो गया है। इस दौरान सभी पक्षों से मिलकर युद्ध खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि कतर और मिस्र इस समझौते का अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे। ये दोनों देश लंबे समय से शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, मेरे लोगों ने आज इजराइली अधिकारियों से गाजा को लेकर अच्छी बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम को मान गया है। अब हम सभी पक्षों से बातचीत कर जंग खत्म करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हमास इस प्रस्ताव को मानेगा, क्योंकि इससे बेहतर मौका नहीं मिलेगा। अगर इस बार चूके तो हालात और खराब होंगे। उन्होंने कहा, 60 दिनों के सीजफायर के दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे। कतर और मिस्र के लोगों ने शांति बहाल करने में बहुत मेहनत की है, वे इस अंतिम प्रस्ताव को पेश करेंगे।अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को चेतावनी देने के अंदाज में कहा, मुझे उम्मीद है कि मध्य पूर्व की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि इससे बेहतर स्थिति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सीजफायर के लिए राजी न होने पर हालात और खराब ही होंगे। ईरान-इजरायल के बाद अब गाजा में भी शांति आने वाली है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि



इजरायल ने गाजा में 60 दिनों के सीजफायर पर सहमति जता दी है. हालांकि इसके लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं. ट्रंप ने इस मसले को लेकर हमास को चेतावनी भी दी है. उन्होंने हमास से कहा है कि स्थिति और बिगड़ने से पहले समझौते को स्वीकार कर लें. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज गाजा इजरायल के मुद्दे पर इजरायली नेताओं के साथ एक लंबी और कारगर बैठक की. इजरायल ने 60 दिन के युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति व्यक्त की है, जिसके दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे. कतर और मिस्र के नेताओं, जिन्होंने शांति लाने में बहुत मेहनत की है, इस अंतिम प्रस्ताव को पेश करेंगे. मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि अगर वह ऐसा नहीं करता है तो यह बेहतर नहीं होगा बल्कि और बदतर होता जाएगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करेंगे. व्हाइट हाउस ने द इजरायल टाइम्स से इसकी पुष्टि की है. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले सोमवार को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। यहां वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे।

# शुभमन गिल ने किया कमाल, सेना देशों में टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले बने पहले भारतीय कप्तान

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक बड़ा इतिहास रच दिया है। दरअसल, शुभमन गिल इंग्लैंड ही नहीं, बल्कि सेना देशों में टेस्ट मैचों में बतौर कप्तान दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। अभी तक 192 रनों के साथ मोहम्मद अजहरुद्दीन टॉप पर थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाप ऑकलैंड में ये करिश्मा किया था। इसके अलावा वे इंग्लैंड में तीसरे भारतीय हैं, जिन्होंने टेस्ट मैच में 200 या इससे ज्यादा रनों की पारी खेली है।

भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक बड़ा इतिहास रच दिया है। दरअसल, शुभमन गिल इंग्लैंड ही नहीं, बल्कि सेना देशों में टेस्ट मैचों में बतौर कप्तान दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। अभी तक 192 रनों के साथ मोहम्मद अजहरुद्दीन टॉप पर थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाप ऑकलैंड में ये करिश्मा किया था। इसके अलावा वे इंग्लैंड में तीसरे भारतीय हैं, जिन्होंने टेस्ट मैच में 200 या इससे ज्यादा रनों की पारी खेली है।

शुभमन गिल बतौर कप्तान इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय हैं, जबकि बतौर खिलाड़ी ऐसा करने वाले वे भारत के तीसरे खिलाड़ी हैं। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ा हुआ है। गिल का बल्ला इस सीरीज में जमकर बोल रहा है। वे एकमात्र प्लेयर हैं जो 350 से ज्यादा रन बना चुके हैं। पहले मैच में भी उन्होंने शतक जड़ा था। वे पहली पारी में 147 रन बनाने में सफल हुए थे। हालांकि, दूसरी पारी में सिर्फ 8 रन ही बना सके थे। इस तरह इस पारी खो मिलाया जाए तो वे 350 से ज्यादा रन सिर्फ तीन पारियों में बना चुके हैं।



# पाकिस्तान को भारत में एशिया कप खेलने की अनुमति मिलेगी या नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जाएगी। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि भारत कई देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलेगा।

सूत्र ने कहा, 'हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है।' हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी।

## काउंटी क्रिकेट में ईशान किशन ने की गेंदबाजी, हरभजन और शेन वॉर्न के बॉलिंग एक्शन को करते दिखे कॉपी




**मुम्बई (एजेंसी)।** ईशान किशन मौजूदा समय में इंग्लैंड में मौजूद हैं। जहां वह काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 1 में नॉटिंघमशर के लिए खेल रहे हैं। इसदौरान उन्होंने अर्धशतक बनाया है। बुधवार को ईशान किशन ने समरसेट के खिलाफ मुकाबले के दौरान गेंदबाजी की। हालांकि, उनके एक्शन ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। किशन भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह के बॉलिंग एक्शन की नकल करते दिखे हैं।

ईशान किशन ने अपने ओवर के दौरान ऑफ स्पिन और लेग स्पिन की। उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी पहली गेंद पर हरभजन सिंह का बॉलिंग एक्शन कॉपी करने की कोशिश की। टॉम कोहलर कैडमोर के खिलाफ उन्होंने ये गेंद डाली, जोकि 140 के करीब बल्लेबाजी कर रहे थे। ईशान किशन ने शुरुआती 4 गेंद ऑफ स्पिन की, इसके बाद उन्होंने राउंड द विकेट शेन वॉर्न के बॉलिंग एक्शन की कॉपी की। ईशान किशन ने मैच का आखिरी ओवर डाला। इस दौरान उन्होंने एक रन दिया। उनका गेंदबाजी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समरसेट ने कैडमोर के 147 रनों के बदौलत दूसरी पारी में 4 विकेट पर 238 के स्कोर पर पारी घोषित की। उनके पास 108 रन की बढ़त थी, जब ड्रॉ के लिए सहमति बनी। इससे पहले समरसेट ने पहली पारी में 379 रन बनाए। टॉम बैंटन और टॉम अबेल ने अच्छा योगदान दिया। इसके जवाब में नॉटिंघमशर ने 163.2 ओवर में 509 रन बनाए।

## राष्ट्रीय टीम के अलावा इंग्लैंड में खेल रहे वैभव, तिलक सहित अन्य क्रिकेटरों पर भी रहेंगी गंभीर की नजरें

लंदन **(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के साथ ही अंडर-19 टीम भी अभी इंग्लैंड दौरे पर है। इसके अलावा टीम से बाहर चल रहे कई युवा क्रिकेटर यहां काउंटी में खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें मुख्य टीम के अलावा यहां खेल रहे अन्य खिलाड़ियों पर भी रहेंगी।

आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय अंडर 19 टीम में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी सहित कई उभरते हुए क्रिकेटर हैं। इसे अलावा तिलक वर्मा, ईशान किशन सहित कई अन्य युवा खिलाड़ी काउंटी में खेल रहे हैं। काउंटी चैंपियनशिप में हैम्पशायर की ओर से खेल रहे तिलक का अब तक का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पिछली बार एसेक्स के खिलाफ शानदार शतक लगाने के बाद इस क्रिकेटर ने वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 56 रन बनाये। तिलक भारतीय टी20 टीम के सदस्य हैं पर टेस्ट में अब तक जगह नहीं बना पाये हैं।

**मुशीर खान–** मुम्बई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मुशीर खान ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड में मुंबई इमर्जिंग टीम की ओर से मुशीर ने नॉटिंघमशर की सेकंड इलेवन के खिलाफ पहले मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर 6 विकेट लिए। वह मुम्बई क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित दौरे पर एक माह के लिए इंग्लैंड गये हैं।

**ईशान किशन–** भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन काउंटी भी आजकल क्रिकेट खेलकर में शामदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नॉटिंघमशायर काउंटी की ओर से खेलते हुए इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं। समरसेट के खिलाफ मैच में ईशान ने 128 गेंदों में



77 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने यॉर्कशायर के खिलाफ 98 गेंदों में 87 रन बनाए थे।

## स्पॉट फिक्सिंग में प्रतिबंधित रहे अंकित बने मुम्बई टीम के कोच

मुम्बई (एजेंसी) । मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने पूर्व स्पिनर अंकित चव्हाण को नया कोच बनाया है । जिससे सभी हैरान हैं । अंकित 2013 स्पॉट फिक्सिंग मामले के आरोपी रहे हैं । स्पॉट फिक्सिंग में फंसने के बाद अंकित पर प्रतिबंध लग गया था पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईå) ने साल 2021 में इसे घटाकर सात साल कर दिया था । जिससे वह दो साल पहले ही खेल में वापसी कर पाए हैं । अंकित ने अपने करियर में 18 फर्स्ट क्लास, 20 लिस्ट ए और 13 आईपीएल मैच खेले हैं । ये स्पिनर प्रतिबंध के दौरान भी मुंबई के कर्नाटक स्पोर्ट्स क्लब के लिए क्लब क्रिकेट खेलता रहा और उसने कोचिंग के लिए जरुरी लेवल-1 परीक्षा भी पास की । जिससे उसे एक और अवसर खेल से जुड़ने का मिला है । इस क्रिकेटर ने कहा है कि यह मेरे लिए दूसरी पारी है और मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं । जिंदगी में हमेशा वापसी का अवसर होता है । इसके लिए मैं मुंबई क्रिकेट संघ का आभारी भी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया । कोचिंग मेरे मन में पहले से थी और मुझे आने वाली कठिन चुनौतियों के बारे में पता है । मैं अंडर-14 क्रिकेट के खिलाड़ियों की बुनियादी तकनीकों पर काम करना चाहता हूं ताकि वे अपने खेल में बेहतर हो सकें । गौरतलब है कि 2013 में बीसीसीआई की अनुशासन समिति ने एस. श्रीसंत, अजीत चंडिला और अंकित चव्हाण को आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग का दोषी मानते हुए आजीवन प्रतिबंध लगाया था। साल 2015 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में इन सभी खिलाड़ियों को बरी कर दिया हालांकि बीसीसीआई ने प्रतिबंध जारी रखा। बाद में जून 2021 में बीसीसीआई ने सभी पर से प्रतिबंध को घटाकर सात साल कर दिया.



## तमिलनाडु प्रीमियर लीग : अश्विन की आक्रामक बल्लेबाजी से जीती डिंडीगुल ड्रैगन्स



चेन्नई । डिंडीगुल ड्रैगन्स की कप्तानी करते हुए अश्विन दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच में पारी की शुरुआत करते हुए 48 गेंदों पर ही 83 रन बना दिये । अश्विन अपनी स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं पर यहां उन्हें 11 चौके व तीन छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया । उनकी इस पारी से डिंडीगुल ड्रैगन्स ने ये मैच जीत लिया । अश्विन की पारी से एलिमिनेटर में त्रिची ग्रैंड चोलाज छह विकेट से हार गयी । अब डिंडीगुल ड्रैगन्स का मुकाबला क्वालिफायर-2 में शुक्रवार को चेपॉक सुपर गिलीज से होगा । इसमें विजेता टीम फानल में पहुंचेगी । एलिमिनेटर मुकाबले में अश्विन ने टॉस जीतकर त्रिची ग्रैंड चोलाज को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया । अश्विन ने तीन विकेट लेकर उसे करारा झटका दिया । बाद में 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अशिनन की डिंडीगुल ड्रैगन्स ने तेजी से रन बनाये । अश्विन ने शिवम सिंह के साथ पहले 5 ओवरों में ही 50 रन बना दिये । शिवम 5वें ओवर में आउट हो गए पर अश्विन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए त्रिची के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया ।

## युवराज और सचिन भी हुए शुभमन और यशस्वी की बल्लेबाजी से प्रभावित




मुम्बई । सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह ने शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है । शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में लगातार दूसरा शतक लगाया है । शुभमन ने दूसरे टेस्ट में जहां नाबाद 114 रन बनाये हैं । वहीं यशस्वी ने 87 रनों की पारी खेलकर खेली । इंग्लैंड में विपरीत हालातों में इनकी बल्लेबाजी से सचिन और युवराज काफी प्रभावित हैं । इन दोनो ने ही शुभमन गिल व यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है । सचिन ने यशस्वी जायसवाल को लेकर कहा, 'उसने पहली गेंद से ही लय हासिल कर ली। वह सकारात्मक, निडर और चतुराई से आक्रामक बल्लेबाजी करता दिखा । वहीं शुभमन को लेकर कहा, हमेशा की तरह शांत, दबाव में शांत, डिफेंस में मजबूत और पूरी तरह से पारी पर नियंत्रण करते दिखा। दोनों ने शानदार पारी खेली।' वहीं शुभमन के गुरु रहे युवराज ने कहा , 'जब जिम्मेदारी आती है, तो कुछ लोग आगे बढ़ते हैं और कुछ ऊंची उड़ान भरते हैं । शुभमन टेस्ट कप्तान के रूप में लगातार शतक बनाने वाले इन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं । शांत दिमाग, बोल्ड बल्लेबाजी और उदाहरण पेश करके नेतृत्व करने की क्षमता उनमें है ।' वहीं उनकी इस बल्लेबाजी से उन लोगों को करारा जवाब मिला है जो कप्तान बनाते समय आरोप लगाते रहे हैं कि कमजोर बल्लेबाजी के कारण शुभमन की जगह टेस्ट में पक्की नहीं है ।

## सुपरयूनाइटेड रैपिड शतरंज : गुकेश नें प्रज्ञानन्दा को हराया

**जाग्रेब , क्रोसिया (एजेंसी)।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के पहले दिन भारत के विश्व चैंपियन गुकेश डी ने लगातार दो जीत दर्ज करते हुए अच्छी शुरुआत की है । गुकेश को पहले राउंड में पोलैंड के यान डूड़ा से हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक बार फिर रैपिड में उनके खेल पर सवाल उठ ही रहे थे की उन्होने लगातार दो बाजियों में पहले फ्रांस के अलीरेजा को सफ़ेद मोहरो से और फिर हमवतन प्रज्ञानन्दा को काले मोहरो से पराजित करते हुए शानदार वापसी की । गुकेश नें इन दोनों खेल में समय और आक्रामक शतरंज दोनों का उपयुक्त तालमेल दिखाया और यह जताया की वह इस फॉर्मेट में भी लगातार खुद को बेहतर कर रहे है । इस जीत के साथ गुकेश नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ,पोलैंड के यान डुड़ा और यूएसए के वेसली सो के साथ 4 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है ।





प्रज्ञानन्दा के साथ गुकेश के मुक़ाबले पर सबकी नजरे थी और उन्होने ओपनिंग से ही केंद्र में मजबूत पकड़ बनाते हुए अपने खेल की मजबूती दिखाई। खासकर केंद्र में उनके प्यादे का खेलना खेल का मोड़ साबित हुआ।

दूसरी ओर, प्रज्ञानन्दा की वजीर के हिस्से पर खेल की चालों ने कुछ हद तक संतुलन में लाने का मौका दिया, लेकिन समय की कमी में प्रज्ञानन्दा सही चाल नहीं खोज पाए। अंत में गुकेश ने अपने अनुभव और कुशलता का परिचय देते हुए एंडगेम में निर्णायक चालें चलकर जीत हासिल की।

कल भी रैपिड में तीन राउंड खेले जाएंगे जिसमें गुकेश का सामना उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तारोव , यूएसए के फबियानों करूआना और नॉर्वे के मैगनस कार्लसन से होगा जबकि प्रज्ञानदा जो फिलहाल दो ड्रॉ के साथ आठवें स्थान पर है उनका सामना भी फबियानों करूआना और मैगनस कार्लसन और नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा

## फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जताया दुख



जमोरा (स्पेन) । लिवरपूल और पुर्तगाल के फॉरवर्ड डिओगो जोटा की स्पेन में गुरुवार को 28 साल की उम्र में कार दुर्घटना में मौत हो गई। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना के समय जोटा अपने भाई के साथ कार में थे । प्रीमियर लीग और लिवरपूल फुटबॉल क्लब ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर फुटबॉलर के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की । उनकी मौत पर पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दुख प्रगट किया है ।

**प्रीमियर लीग घटना से स्तब्ध –** प्रीमियर लीग ने एक्स पर लिखा, 'प्रीमियर लीग में हर कोई डियोगो जोटा और उनके भाई आंद्रे के दुखद निधन के बारे में जानकर स्तब्ध है। इस दुखद समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं डियोगो के परिवार, दोस्तों, लिवरपूल एफसी और उनके सभी समर्थकों के साथ हैं । फुटबॉल ने एक चैंपियन खो दिया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी । हम क्लब में अपने दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करना जारी रखेंगे ।' एलएफसी ने एक्स पर लिखा, 'लिवरपूल फुटबॉल क्लब डियोगो जोटा के दुखद निधन से स्तब्ध है ।'

**रोनाल्डो ने शोक व्यक्त किया –** रोनाल्डो ने शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में लिखा, 'अभी हम नेशनल टीम में साथ थे, अभी आपकी शादी हुई थी। आपके परिवार, आपकी पत्नी और आपके बच्चों के लिए मैं अपनी संवेदनाएं भेजता हूं। मुझे पता है कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे । शांति से आराम करो, डिओगो और आंद्रे । हम सभी आपको याद करेंगे ।'

## ब्रैथवेट खेलेंगे 100वां टेस्ट, वेस्टइंडीज खिलाड़ियों के विशेष क्लब में होंगे शामिल


**बारबाडोस (एजेंसी)।** क्रेग ब्रैथवेट आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे और वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन जाएंगे। वह विव रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में शामिल हो जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट की आधारशिला बन गए हैं, उन्होंने 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है, किसी भी अन्य वेस्टइंडीज खिलाड़ी की तुलना में अधिक गेंदों का सामना किया है और 2022 में आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में स्थान अर्जित किया है। उनकी यात्रा 2011 में 18 वर्षीय नवोदित खिलाड़ी के रूप में शुरू हुई, लेकिन यह विश्वास बहुत पहले ही जड़ जमा चुका था, जब उन्होंने सिर्फ़ 14 वर्ष की आयु में ही पूरे आत्मविश्वास के साथ घोषणा की थी कि वह एक दिन वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर क्रेग ब्रैथवेट ने कहा, 'मैंने यह लक्ष्य तब तय किया था, जब मैं शायद 14 वर्ष का था - 100 टेस्ट खेलना। अब मैं 18 साल बाद वेस्टइंडीज के लिए अपना सौवां टेस्ट खेल रहा हूं। मैं बहुत आभारी हूं, और मैं बस युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं।% मई 2011 में बैसेटेरे में पाकिस्तान के खिलाफ ब्रैथवेट के लिए यह ड्रीम डेब्यू नहीं था। उन्होंने एक बाउंड्री के साथ शुरुआत की, लेकिन 15 और 0 के स्कोर ने उनके टेस्ट करियर की एक शांत शुरुआत को चिह्नित किया। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि इस विश्वास को जमने में समय लगा, लेकिन एक बार जब यह जम गया, तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ अपने तीसरे टेस्ट में एक शानदार अर्धशतक ने फॉर्म में वापसी की, जिसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने अगले चार मैचों में उन्होंने तीन और अर्धशतक लगाए। ब्रैथवेट को अपना पहला टेस्ट शतक बनाने में तीन साल लग गए, 2014 में पोर्ट ऑफ स्पेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक संयमित पारी।लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम




में उनकी जगह को मजबूत किया। उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के खिलाफ मेरा पहला शतक एक ऐसा एहसास था जिसे मैं वास्तव में शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं टेस्ट शतक के इतने करीब पहुंच जाऊंगा, और फिर इसे हासिल करने के बाद, मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने वेस्टइंडीज के लिए 100 रन बनाए।

## जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे, गॉफ और ज्वेरेव बाहर हुए

लंदन । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं । वहीं जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव हार के साथ ही बाहर हो गये हैं । वहीं महिला वर्ग में अमेरिकका की कोको गॉफ को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। जोकोविच पहले दौर के मैच में पेट दर्द से भी परेशान रहे । इस कारण उन्हें दो बार मेडिकल हेल्प भी लेनी पड़ी के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी। जोकोविच ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनायी। जोकोविच ने कहा, ''मैं मैच के दौरान काफी परेशान था पर किसी प्रकार दवा लेकर खेलने में सफल रहा ।'' वहीं एक अन्य मुकाबले में ज्वेरेव को आर्थर रिंडरक्नेच ने पांच सेटों तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हराया । महिला एकल की बात करें तो गॉफ पहले दौर में ही हार गयी । उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया । वहीं इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर में ही हार कर बाहर हो गये। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर हो गये हैं ।



# अगले सत्र में रॉयल्स की जगह सीएसके से खेल सकते हैं सैमसन

**मुंबई (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की जगह पर चेन्नईसुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आ सकते हैं। सैमसन ने 18 वें सत्र में रॉयल्स की कप्तानी की थी पर टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में अब रॉयल्स आईपीएल के अगले सत्र के लिए नये सिरे से टीम बनाने जा रही है। वह तकरीबन आधे खिलाड़ी बदलने पर विचार कर रही है। रॉयल्स ने अब तक किसी का नाम नहीं बताया है पर जिन खिलाड़ियों के लिए ट्रेड-ऑफ की मांग सबसे अधिक होगी, उनमें से एक सैमसन हो सकते हैं। ऐसे में सैमसन और रॉयल्स की टीम आपसी सहमति से अलग हो सकते हैं। वैसे भी टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में एक अच्छा विकेटकीपर बल्लेबाज है। आईपीएल में अभी दो टीमों को अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाज की जरूरत है। इसमें सीएस के और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है। सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी के अगले आईपीएल में खेलने पर संशय बना हुआ है।

गौरतलब है कि आईपीएल के अगले सत्र को देखते हुए ट्रेडिंग विंडो बाद चार जून से ही शुरू हो गई थी और यह 2026 के खिलाड़ियों की नीलामी की तारीख से एक सप्ताह पहले तक जारी रहेगी। खिलाड़ियों की नीलामी समापत होने के बाद विंडो फिर से खुलेगी और अगले सत्र की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले बंद हो जाएगी। ट्रेड-ऑफ कई तरह के होते हैं। इसमें टीमों की आपसी सहमति के बाद एक ही कीमत पर खिलाड़ियों की अदला-बदली होती है। इसमें अधिक कीमत वाले खिलाड़ी को रखने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि मिलती है, वहीं एकतरफा नकद सौदा भी होता है इसमें एक फ्रेंचाइजी नीलामी से पहले अपने पर्स को बढ़ाने के लिए खिलाड़ी को बेचती है। ''इसमें सबसे अहम बात यह है कि हर टीम अपनी टीम को मजबूत करने वाली किसी भी चीज के लिए तैयार रहती है। सैमसन पिछले कई वर्षों से राजस्थान टीम का अहम हिस्सा रहे है पर कप्तान के तौर पर रियान पराग के सामने आने के बाद उनके लिए टीम में बने रहना आसान नहीं होगा। पिछले सत्र में जब सैमसन चोटिल थे जब पराग ने टीम की कमान संभाली थी। सैमसन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी और खराब फार्म से भी रॉयल्स उन्हें बदलना चाहेगी।



# पतंजलि के खिलाफ डॉबर इंडिया को मिली राहत, भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन पर रोक

**नई दिल्ली।**

योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने डाबर इंडिया लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर पतंजलि को डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ किसी भी तरह के भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन प्रसारित करने से रोक दिया है।

दरअसल डाबर इंडिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि पतंजलि अपने टीवी विज्ञापनों के जरिए डाबर च्यवनप्राश को बदनाम कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही है।

डाबर इंडिया का आरोप है कि पतंजलि ने डाबर के उत्पाद को साधारण बताकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश की। इसके अलावा, पतंजलि के विज्ञापन में इस बात का दावा किया गया कि उनका च्यवनप्राश 51 से अधिक जड़ी-बूटियों से बना है, जबकि डाबर के अनुसार इसमें केवल 47 जड़ी-बूटियां हैं। इस पर डाबर ने आरोप लगाया कि पतंजलि के उत्पाद में पारा मिला हैं, जो बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है।

डाबर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने बताया कि पतंजलि ने भ्रामक और गलत दावा कर यह जताने की कोशिश की कि वहीं एकमात्र असली आयुर्वेदिक च्यवनप्राश बनाता है, जबकि डाबर जैसे पुराने ब्रांड को साधारण साबित करने में लगा है। वहीं पतंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने सभी आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि उनके उत्पाद में सभी जड़ी-बूटियां आयुर्वेदिक मानकों के अनुसार हैं और उत्पाद पूरी तरह से मानव उपभोग के लिए सुरक्षित है।




बात दें कि डाबर ने बताया कि च्यवनप्राश के बाजार में उसकी 61.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है और पतंजलि का इस तरह का प्रचार एक प्रतिस्पर्धी रणनीति है जो उसके ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है।

मामले में दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा की अध्यक्षता वाली पीठ ने डाबर इंडिया को महत्वपूर्ण अंतरिम राहत प्रदान की है। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को तय की गई है।

# अमेरिकी डॉलर में आई गिरावट, दुनिया के देशों पर इसका नहीं पड़ेगा असर

## अमेरिकी जानकार बोले- ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी से बनी यह स्थिति, बढ़ेगी महंगाई

**वॉशिंगटन।** इस साल अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई। 1973 के बाद से अब तक ऐसा पहली बार है, जब एक साल के अंदर ही डॉलर में भारी गिरावट दर्ज देखी गई। भारतीय रुपए के मुकाबले एक डॉलर की कीमत 85 रुपए है। 20 जून को ही रुपए की कीमत डॉलर के मुकाबले 86.60 थी। कई करेंसीज के मुकाबले इस साल की शुरुआत से अब तक डॉलर पहले की तुलना में 10 फीसदी तक कमजोर हुआ है। हालात यह है कि अमेरिकी करेंसी में निवेश करने वाले लोग निकल जाना चाहते हैं। ऐसा इसलिए ताकि महंगाई के संकट में यदि बाजार में गिरता है तो नुकसान से बच सकें।

अमेरिकी बाजार जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी के चलते यह स्थिति बनी है। चीन, भारत, ब्राजील जैसे देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात की कीमत में इजाफा हुआ है और डॉलर कमजोर हुआ है। अब तक डॉलर को सबसे सुरक्षित करेंसी माना जाता रहा है। लेकिन इसमें भरोसे में कमी आई है।

इंपोर्ट पर टैरिफ बढ़ गया है, जिसके चलते भारत और चीन जैसे देशों से अमेरिका पहुंचने वाला सामान महंगा हो गया है। इससे अमेरिका में महंगाई बढ़ गई और डॉलर भी कमजोर हो गया है। इस स्थिति से दूसरे देशों को परेशानी पहुंचाने वानर नहीं है, जितनी अमेरिका के लोगों को है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में महंगाई बढ़ने का डर है। ऐसा होगा तो ग्रोथ में भी कमी आएगी। लोग कम निवेश करेंगे और ज्यादा से ज्यादा पैसा लोग अपने पास रखना चाहेंगे। एक समस्या यह है कि अमेरिकी बाजार की स्थिरता को लेकर भी निवेशकों में भरोसा कम हुआ है।

# फॉक्सकॉन तकनीकी ग्रुप ने भारत में काम कर रहे चीनी इंजीनियरों को स्वदेश लौटने को कहा

## -'आईफोन 17' तैयार होने की योजना खटाई में पड़ सकती

**मुंबई ।** भारत में कारोबार फैलाने की अमेरिकी टेक कंपनी एप्पल की योजना को करारा झटका लगा है। इसका कारण ये हैं कि फॉक्सकॉन तकनीकी ग्रुप ने भारत में आईफोन संयंत्रों में काम करने वाले चीन के इंजीनियरों को स्वदेश लौट जाने के लिए कहा है। फॉक्सकॉन के कदम से 'आईफोन 17' तैयार होने की योजना खटाई में पड़ सकती है। एप्पल सितंबर मध्य तक 'आईफोन 17' बाजार में पेश करना चाह रही है। सूत्रों का कहना है कि संभवतः चीन सरकार के निर्देश के बाद फॉक्सकॉन ने फैसला लिया होगा। चीन सरकार भारत में 'आईफोन17' जैसे नए फोन बनाने में इस्तेमाल होने वाली स्मार्टफोन मशीन के आयात की मंजूरी देने में पहले से ही आनाकानी कर रही है। इन दोनों कारणों से भारत में आईफोन बनाने के लिए जरूरी प्रशिक्षण कार्यों पर भी असर हो सकता है। इसके साथ चीन से विनिर्माण तकनीक के हस्तांतरण की प्रक्रिया को भी झटका लगेगा है और उत्पादन लागत बढ़ जाएगी।

दिलचस्प बात है कि फॉक्सकॉन ने 15 जुलाई तक भारत में 1,000 नए कर्मचारियों की भर्ती की योजना तैयार रखी थी। सूत्र ने कहा कि इन नई भर्तियों के साथ इसके कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 40,000 तक पहुंच जाती। सूत्रों ने खुलासा किया कि फॉक्सकॉन चीनी तकनीकी विशेषज्ञों की जगह वियतनाम के इंजीनियरों को नियुक्त कर सकती है। अपने इंजीनियरों को वापस बुलाने के चीन सरकार के कदम के पीछे उसकी संरक्षणवादी मानसिकता है। वहां की सरकार भारत को तकनीक हस्तांतरण एवं उपकरणों के निर्यात में भी अड़ंगा लगा रही है। फॉक्सकॉन के कदम पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमें इससे कोई खास दिक्कत होती नहीं दिख रही है। फॉक्सकॉन चीन और ताइवान से नियमित रूप तकनीशियन बुलाती रहती है। हमारे पास पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित लोग हैं। कई कंपनियों ने स्थानीय स्तरों पर मशीनें बनानी भी शुरू कर दी हैं। चीन के इंजीनियरों के जाने से अधिक से अधिक एक महीने तक उत्पादन में बाधा आएगी मगर इससे ज्यादा कुछ नहीं होगा।'

# अडानी ग्रुप 'एक कारोबार, एक कंपनी' की बना रहा रणनीति

## -एक छत के नीचे लाएगा सभी सीमेंट कंपनियों को, अल्ट्राटेक को देगा टक्कर

**नई दिल्ली।**

अडानी समूह ने 'एक कारोबार, एक कंपनी' रणनीति के तहत अपने सभी सीमेंट कारोबार को एक ही कंपनी के तहत एकीकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके जरिये कंपनी अपने सीमेंट कारोबार को सुचारु एवं व्यवस्थित करना चाहती है जहां अंबुजा और एसीसी दोनों प्रमुख ब्रांड मौजूद हों। समूह ने इस एकीकरण योजना के तहत हाल में अधिग्रहीत अपनी दो कंपनियों सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट को अंबुजा सीमेंट्स में विलय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट में इस मामले को जानने वालों ने बताया कि यह प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है। समूह ने मूल ब्रांड के तौर पर 'अडानी सीमेंट' बढ़ावा देने की योजना बनाई है। उसने ब्रांड जागरूकता की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में सीके बिड़ला ग्रुप से अधिग्रहित ओरियंट सीमेंट अब अडानी सीमेंट के तहत एक विनिर्माण इकाई के तौर पर काम करेगी। अधिकारियों ने कहा कि विरासती ब्रांड और मूल्य निर्धारण में अंतर के बावजूद मात्रात्मक लिहाज से ओरियंट सीमेंट को बिना कोई नुकसान पहुंचाए आसानी से एकीकृत किया जा चुका है।

ओरियंट सीमेंट के करीब 60 फीसदी डीलरों ने अंबुजा और एसीसी उत्पादों का स्टॉक रखना पहले ही शुरू कर दिया है। इससे जमीनी स्तर पर ब्रांड एकीकरण का संकेत मिलता है। इस रणनीति का उद्देश्य परिचालन को सरल बनाते हुए लागत को घटाना और बाजारों में ब्रांडों की मौजूदगी को बेहतर करना है। पिछले एक साल में कई आक्रामक अधिग्रहण करने के बाद अडानी ग्रुप ने सीमेंट क्षेत्र में अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पहल की है।

कई सीमेंट इकाइयों के विलय के बाद सुदृढ़ीकरण की भी योजना है। इसके तहत अंबुजा सीमेंट्स अपनी सहायक कंपनी एसीसी के साथ विलय पर गंभीरता से विचार कर सकती है। करीब 14 करोड़ टन क्षमता वाली अडानी ग्रुप की सभी सीमेंट परिसंपत्तियां एक ही छत के नीचे आ जाएंगी। इससे उद्योग की अग्रणी कंपनी अल्ट्राटेक को टक्कर देने में मदद मिलेगी। बता दें अडानी ग्रुप फिलहाल देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है। उसने सालाना 20 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके तहत वह 2030 तक 20 करोड़ टन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रख रही है।

# मुकेश बना रहे नई कंपनी नाम रखा न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

## यह जियो प्लेटफॉर्म्स की तरह सीधे आरआईएल की सहायक कंपनी होगी

**नई दिल्ली।**

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अपने सभी तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) ब्रांड्स को अलग करने का बड़ा फैसला लिया है। ये ब्रांड अभी रिलायंस की रिटेल कंपनियों आरआरवीएल, आरआरएल, आरसीपीएल के अंदर थे। अब इन्हें एक नई अलग कंपनी में रखा जाएगा, जिसका नाम न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड होगा। यह नई कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स की तरह सीधे आरआईएल की सहायक कंपनी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बदलाव का मुख्य कारण है कि इन एफएलसीजी ब्रांड्स को विशेष और पूरा ध्यान मिल सके। रिलायंस का कहना है कि एफएलसीजी का बिजनेस पूरी तरह अलग है। इसमें ब्रांड बनाना, उत्पादों पर रिसर्च करना, उन्हें बनाना, बांटना और उनकी मार्केटिंग करना है। इसके लिए अलग कौशल और विशेषज्ञता की जरूरत होती है, जो सामान्य रिटेल बिजनेस से अलग है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के एक आदेश में भी कहा गया है कि यह कदम एक अलग तरह के निवेशकों को आकर्षित करेगा। मुकेश अंबानी पहले ही अपनी रिटेल और टेलीकॉम कंपनियों के लिए आईपीओ लाने का संकेत दे चुके हैं। कंपनी के लोगों का मानना है कि यह रीस्ट्रक्चरिंग रिटेल बिजनेस को शेयर बाजार में लाने की तैयारी है। एफएलसीजी बिजनेस को अलग करने से रिटेल कंपनी का वैल्यूएशन बेहतर होगा। फिलहाल रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) का वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर यानी करीब 8.5 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है, जो इसके आईपीओ को हाल के सबसे बड़े आईपीओ में से एक बना सकता है।

# रुपया बढ़त पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया 35 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.32 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस ये 85.67 रुपये पर बंद हुआ था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बाजार में रुपया गत दिवस सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.28 के स्तर पर खुला। यह शुरुआती स्तर है और बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा है। वहीं स्थानीय शेयर बाजार में मजबूती और मानसून की प्रगति से कीमतों में स्थिरता बनने रहने की संभावनाओं के बीच विदेशी करेंसी बाजार में भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले 25 पैसे मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं इसके बाद से ही इसें गिरावट आने लगी।




# ईटीएफ में पांच सालों में हुई पांच गुना बढ़ोतरी, निवेशकों की बनी पसंद

**नई दिल्ली।** भारत में एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स ने पिछले पांच सालों में रफ्तार पकड़ ली है। मार्च 2025 तक इनका एसेट अंडर मैनेजमेंट पांच गुना से बढ़कर 8.38 लाख करोड़ हो गया है, जो मार्च 2020 में मात्र 1.52 लाख करोड़ था। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईटीएफ अब कुल म्युचुअल फंड एयूएम का 13 फीसदी हिस्सा बन चुके हैं, जबकि 2020 में यह हिस्सा 7 फीसदी ही था। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में न केवल निवेश की राशि बढ़ी है, बल्कि स्कीम्स की संख्या भी तीन गुना हो गई। 2022 में सिल्वर-समर्थित कमोडिटी ईटीएफ के आगमन ने निवेशकों को और ज्यादा विकल्प दिए हैं। मार्च 2020 में जहां ईटीएफ में रिटेल निवेशकों की एयूएम सिर्फ 5,335 करोड़ थी, वहीं मार्च 2025 तक यह बढ़कर 17,800 करोड़ से ज्यादा हो गई है। वहीं रिटेल फोलियो की संख्या 23.22 लाख से उछलकर 2.63 करोड़ पर पहुंच गई यानी दस गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। ज़ेरोधा के सीईओ का मानना है कि यह रुझान भारतीय ईटीएफ सेक्टर की परिपक्वता का संकेत है। ईटीएफ में ट्रेडिंग भी तेजी से बढ़ी है। वित्त वर्ष 2019-20 में ईटीएफ ट्रेडिंग वॉल्यूम 51,101 करोड़ था, जो 2024-25 में बढ़कर 3.83 लाख करोड़ हो गया यानी सात गुना से ज्यादा इसमें बढ़ोतरी हुई है। सिर्फ पिछले एक साल में ही ट्रेडिंग वॉल्यूम दोगुना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक कुल ईटीएफ निवेश का औसतन 80 फीसदी हिस्सा इक्विटी आधारित ईटीएफ में है, जो दर्शाता है कि शेयर बाजार में हिस्सेदारी के लिए यह उत्पाद तेजी से निवेशकों की पसंद बन रहा है।

# अब साइबर क्राइम या फाइनेंशियल फ्रॉड होने से पहले बैंक हो जाएंगे अलर्ट

## आरबीआई ने सभी बैंकों को एफआरआई अपनाने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने साइबर अपराध और फाइनेंशियल फ्रॉड को रोकने के लिए बैंकों को फाइनेंशियल फ्रॉड जोखिम संकेतक (एफआरआई) अपनाने के निर्देश दिए हैं। वाणिज्यिक बैंकों, लघु वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और सहकारी बैंकों से कहा गया है कि वह इस सिस्टम से इंटीग्रेट करें। ऐसा करने पर वास्तविक समय पर धोखाधड़ी के प्रयास का पता लगाने और तत्काल प्रतिक्रिया संभव हो पाएगी। देश में यूपीआई के व्यापक उपयोग को देखते हुए यह प्रणाली लाखों लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने का काम करेगी।

उधर, दूरसंचार विभाग ने आरबीआई के इस कदम का स्वागत किया है। एफआरआई एक जोखिम-आधारित इंडिकेटर है, जिसे मई में दूरसंचार विभाग की डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट ने लॉन्च किया था। यह संकेतक किसी मोबाइल नंबर के पुराने रिकॉर्ड के आधार पर रिस्क की श्रेणी को तय करता है। अगर किसी मोबाइल नंबर का फाइनेंशियल फ्रॉड में पहले इस्तेमाल किया गया है या उसके लिए प्रयास किया गया है तो उस मोबाइल नंबर को मध्यम, उच्च या बहुत उच्च जोखिम की श्रेणी में वर्गीकृत करता है।

वर्गीकरण की जानकारी राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, दूरसंचार विभाग के चक्षु प्लेटफॉर्म, बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों से मिली खुफिया जानकारियों के आधार पर तैयार की जाती है। अब बैंकों से एफआरआई को जोड़े जाने पर भुगतान को रोका जा सकेगा। किसी भी भुगतान की स्थिति में बैंकों को जानकारी मिल सकेगी कि जिस नंबर पर ग्राहक द्वारा पैसा भेजा जा रहा है, वह नंबर सही है या फिर साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 170 और निफ्टी 48 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर हुए। वहीं गत दिवस भी बाजार में गिरावट रही थी। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंकों की गिरावट के साथ ही 83,239.47 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंकों के नुकसान के साथ ही 25,405.30 अंकों पर आकर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से केवल 11 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आये जबकि शेष 19 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ नीचे आकर बंद हुए। वहीं इसी प्रकार निफ्टी 50 में से केवल 17 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए और बची हुई 32 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 0.98 फीसदी ऊपर आकर बंद हुए जबकि कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 1.91 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में इंफोसिस के शेयर 0.51 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.44 फीसदी, एनटीपीसी 0.36 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.36 फीसदी, , टाटा मोटर्स 0.29 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29 फीसदी, आईटीसी 0.16 फीसदी, सनफार्मा 0.05 फीसदी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 0.05 फीसदी बढ़कर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व के शेयरों में 1.38 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.30 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.80 फीसदी, टाइटन 0.76 फीसदी, ट्रेंट 0.76 फीसदी , एसबीआई 0.75 फीसदी, टीसीएस 0.66 फीसदी, भारती एयरटेल 0.59, एचसीएल टेक 0.43 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.40 फीसदी, पावरग्रिड 0.39 फीसदी, एलएंडटी 0.34 फीसदी, बीईएल 0.20 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.16 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.16 फीसदी की गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 68.28 अंक करीब 08 फीसदी बढ़कर 83,477.97 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.30 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी उछलकर




25,472.70 पर पहुंच गया। बाजार जानकारों के अनुसार वीकली डेरिवेटिव एक्सपायरी के करण बाजार में अस्थिरता देखी गयी।

वहीं गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अपनी बिकवाली जारी रखते हुए 1,561.62 करोड़ रुपए के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 3,036.68 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता के बाजार ऊपर आये। वहीं हांगकांग के बाजार में गिरावट रही। अमेरिकी बाजारों में गत कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स में 10.52 अंक की गिरावट रही और ये 44,484.42 पर बंद हुआ। वहीं एसएंडपी 500 इंडेक्स 29.41 अंक बढ़कर 6,227.42 पर बंद हुआ और नैस्डैक 190.24 अंक बढ़त के साथ ही 20,393.13 पर बंद हुआ।

# सोने में तेजी , चांदी में नरमी



**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी रही जबकि चांदी के वायदा कारोबार में नरमी रही। घरेलू बाजार में आज सोने की कीमतें 97,450 रुपये जबकि चांदी 1,07,450 रुपये के करीब रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई पर कुछ समय में ही ये नीचे आने लगा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध गिरावट के साथ ही 97,389 रुपये के भाव पर पहुंच गया जबकि ये गत दिवसस 97,390 रुपये बंद हुआ था। आज यह अनुबंध 60 रुपये की तेजी के साथ ही 97,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,500 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,389 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल कर लिया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे

**चांदी की चमक पड़ी फीकी**

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का सितंबर अनुबंध आज 107 रुपये टूटकर 1,07,411 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,07,518 रुपये था। ये अनुबंध 61 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,457 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,7,457 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,07,313 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी की कीमतें शुरुआती तेजी के बाद नीचे आने लगीं। कामेक्स पर सोना 3,369 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,359.70 डॉलर प्रति औंस था। वहीं चांदी के वायदा भाव 36.79 डॉलर के भाव पर खुले। इस पिछला बंद भाव 36.72 डॉलर था।

# अगर करदाता ने छुपाई आय......आयकर विभाग लगा देगा 200 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।**

अगर कोई करदाता अपनी आय छिपाता है, आय के स्रोत नहीं बताता या गलत तरीके से टैक्स छूट का दावा करता है, तब उस करदाता को भारी जुर्माना या कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। चाहे यह गलती अनजाने में हो या जानबूझकर हुई हो, आयकर विभाग के पास गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए मजबूत सिस्टम और सख्त दंड लगाने या मुकदमा चलाने का कानूनी प्रावधान मौजूद है। इस बारे में चार्टर्ड अकाउंटेंट बताते हैं कि कानून क्या कहता है और करदाताओं को किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

सीए के अनुसार, आयकर अधिनियम के अलग-अलग प्रावधानों के तहत जुर्माना इसपर निर्भर करता है कि गड़बड़ी किस प्रकार की है। यदि करदाता ने अपनी आय कम दिखाई है, तब कारदातों को उस अतिरिक्त आय पर देय टैक्स का 50 प्रतिशत जुर्माने के रूप में देना पड़ सकता है।

यदि कोई करदाता जानबूझकर गलत जानकारी देता है, जैसे फर्जी बिल या झूठे दावे करता है, तब उस आय पर देय टैक्स का 200 प्रतिशत जुर्माना लगाया जा सकता है। आय छिपाने के मामले में यह प्रावधान पुराने असेसमेंट वर्षों (वित्त वर्ष 2016-17 से पहले) के लिए लागू होता है। इसमें बचाए गए टैक्स का 100 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि कोई निवेश स्पष्ट रूप से घोषित नहीं किया गया है, तब उस पर 60 प्रतिशत टैक्स, सर्चार्ज और सेस के साथ-साथ 10 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाता है।

इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर टैक्स चोरी करता है, तब उस पर मुकदमा चल सकता है। इसमें तीन महीने से लेकर सात साल तक की सजा हो सकती है, खासकर तब जब चोरी की गई टैक्स राशि 25 लाख से अधिक हो। इसके अलावा धारा 234ए, 234बीऔर 234सी के तहत भी ब्याज जुर्माना लगता है, जो कि टैक्स रिटर्न देर से भरने, टैक्स की कम अदायगी या अग्रिम कर समय पर नहीं देने के मामलों में लागू होता है।

# माइक्रोसॉफ्ट कंपनी फिर 9 हजार कर्मचारियों की करेगी छंटनी




**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने वैश्विक कार्यबल के 4 फीसदी यानी कि करीब 9000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह 2023 के बाद कंपनी की सबसे बड़ी छंटनी होगी। जून 2024 तक माइक्रोसॉफ्ट में करीब 2,28,000 कर्मचारी काम कर रहे थे। इस नई छंटनी की पुष्टि के लिए कंपनी ने रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट में एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विशेष रूप से बिक्री विभाग में हजारों कर्मचारियों हटाने की योजना बना रही है। इससे पहले मई 2025 में भी कंपनी ने करीब 6,000 कर्मचारियों को निकाल दिया था। माइक्रोसॉफ्ट अकेली ऐसी कंपनी नहीं है जो इस तरह के फैसले ले रही है। अमेरिका में कई बड़ी कंपनियों ने आर्थिक अनिश्चितता और संचालन लागत में कटौती के चलते 2025 में छंटनियां की थी। कंपनियां अपनी संरचना को दुबारा व्यवस्थित कर ज्यादा कुशल बनने की कोशिश कर रही हैं।



# ओमंग कुमार की फिल्म सिला में नजर आएंगे हर्षवर्धन राणे

सनम तेरी कसम फिल्म से सबके दिलों में छा जाने वाले अभिनेता हर्षवर्धन राणे अब एक शानदार फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका पोस्टर और टाइटल रिवील कर कर दिया गया है। बीते दिनों अभिनेता को इस आगामी फिल्म की तैयारी करते हुए देखा गया था।

हर्षवर्धन राणे की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। इसे अभिनेता ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस पोस्टर में अभिनेता के साथ सादिया खतीब नजर आ रही हैं, जिसमें एक्टर ने सादिया को जोर से पकड़ रखा है। इसके साथ ही दोनों को घायल अवस्था में देखा जा सकता है, जिसमें वे खून से लथपथ दिख रहे हैं। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के टाइटल का भी एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम है सिला।

## फिल्म के बारे में

हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब की आगामी फिल्म सिला का निर्देशन ओमंग कुमार कर रहे हैं। इसके अलावा आपको बताते चलें कि फिल्म में निगेटिव रोल में करणवीर मेहरा नजर आएंगे। वहीं इस फिल्म की शूटिंग कल यानी 01 जुलाई से शुरू हो रही है। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। नेटिजंस कमेंट सेक्शन में लिखा रहे हैं कि पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म शानदार साबित होगी।

हर्षवर्धन राणे का वर्कफ्रंट

हर्षवर्धन राणे के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। फिल्म 02 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी द्वारा किया गया है। फिल्म में अभिनेता के साथ सोनम बाजवा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।



# डिजिटल डेब्यू को तैयार वाणी; पहली बार इस अंदाज में आएंगी नजर

**हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं। पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है।**




नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, 'गुल्लक' फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं।

## 25 जुलाई को होगी रिलीज

पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है।

## 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ नजर आई थीं वाणी

वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं। इसके अलावा वो पंकज त्रिपाठी के शो 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन में भी नजर आई हैं। वहीं श्रिया पिलगांवकर हाल ही में जी5 की सीरीज 'छल कपट- द डिसेप्शन' में नजर आई थीं।

# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं विद्या बालन




अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रितेश देशमुख पिछले काफी समय से फिल्म राजा शिवाजी को लेकर चर्चा में हैं। वह न सिर्फ इसमें लीड रोल निभा रहे हैं, बल्कि इसके निर्देशन की कमान भी संभाल रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। इसकी कास्ट और बड़ी हो गई है, क्योंकि रितेश और उनकी टीम ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विद्या बालन को फिल्म में शामिल कर दिया है। विद्या एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जो भारतीय इतिहास के सबसे दमदार अध्यायों में से एक की कहानी कहती है। उन्होंने फिल्म के लिए फौरन हां कर दी। रितेश भी विद्या के साथ काम करने के लिए उतावले हो रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि विद्या ने फिल्म के लिए अपना लुक टेस्ट पहले ही करवा लिया है और अब वह जल्द ही सेट पर शूटिंग में शामिल होंगी।



# हेरा फेरी 3 पर रिलीज के बाद ही बात करूंगा


अभिनेता सुनील शेट्टी हिंदी भाषा और अपकमिंग फिल्म 'हेरा फेरी 3' पर बात की। अभिनेता ने हिंट दिया कि फिल्म को लेकर फिर से दर्शकों को मजा आएगा। कॉमेडी से भरपूर फिल्म परिवार के साथ देखने वाली है, जो बड़े-बच्चों के साथ सभी को पसंद आएगी। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं अब फिल्म के बारे में बात रिलीज के दिन ही करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने ओटीटी और फिल्म पर भी बात की। शेट्टी ने सिनेमाघरों को 'पापा' की संज्ञा और देते हुए ओटीटी को बच्चों की संज्ञा दी। उन्होंने बताया, कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स आ चुके हैं और यह अच्छी बात है। दरअसल, सिनेमाघर 'पापा' हैं और ओटीटी उनके बच्चे हैं। बच्चे हर हाल में पिता के लिए अच्छे होते हैं। वे सपोर्ट ही करते हैं। अभिनेता ने बताया कि यदि किसी चीज में बदलाव चाहिए तो उसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तानी एक्टर्स पर लगे प्रतिबंध पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने बताया, रिश्ते तो हमेशा ऊपर-नीचे होते ही रहते हैं। पहलगाम की बात करें तो मेरा मानना है निश्चित तौर पर बैन होना चाहिए। जब तक माहौल सही न हो जाए। बात केवल कला की नहीं है। राजनीति, खेल और एंटरटेनमेंट सभी क्षेत्रों को यह बात समझनी होगी।



# केके मेनन ने बताया को-एक्टर के साथ कैसा बर्ताव करते हैं बिग बी

अभिनेता केके मेनन इन दिनों अपने आगामी वेब शो 'स्पेशल ऑप्स 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान केके मेनन ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर बात की और उन्हें भगवान का बच्चा बताया। उन्होंने बिग बी के साथ काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया।

## अमिताभ बच्चन आज भी नए कलाकार की तरह काम करते हैं




पॉडकास्ट में केके मेनन ने इस दौरान अपने शो से इतर कई मुद्दों पर बात की। बिग बी के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा करते हुए केके मेनन ने उनकी तारीफ की। अभिनेता ने कहा, 'अमिताभ बच्चन भगवान के बच्चे हैं। उनकी पीढ़ी वाले कौन हैं अभी जो एक्टिव हों, लेकिन वो आज भी उतने ही सक्रिय हैं। वह आज भी प्रासंगिक हैं। वह हर सुबह उठते हैं और एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं। हम इसे चमत्कार और जादू कहते हैं। मैंने सीखा है कि अगर कोई व्यक्ति जो इतना अनुभवी है, एक नए व्यक्ति की तरह काम कर रहा है, तो हम कौन हैं?'

## बिग बी प्रतिभा और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण हैं

बिग बी के साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव को बताते हुए केके मेनन ने कहा कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। केके ने कहा कि बिग बी अपने को-एक्टर को काफी महत्व देते हैं। उन्होंने फिल्म 'सरकार' के समय को याद करते हुए एक सीन के दौरान अमित जी ने रामगोपाल वर्मा से मेरा क्लोजअप शॉट लेने को कहा क्योंकि वो चाहते थे कि मेरे हाव-भाव कैमरे में कैद हों। उन्होंने कहा कि बिग बी एक प्रतिभाशाली और अनुशासित अभिनेता हैं। अनुशासन के बिना प्रतिभा लंबे समय तक नहीं टिकती। अमिताभ बच्चन अनुशासन के साथ प्रतिभा का एक बेहतरीन उदाहरण हैं।

## 11 जुलाई को रिलीज होगा 'स्पेशल ऑप्स 2'

केके मेनन जल्द ही अपने वेब शो 'स्पेशल ऑप्स 2' में नजर आएंगे। इस सीरीज में वो रॉ ऑफिसर हिम्मत सिंह का किरदार निभा रहे हैं। इस बार की सीजन एआई के बढ़ते प्रभाव से होने वाले नुकसान और साइबर अटैक पर आधारित है। इससे पहले 'स्पेशल ऑप्स' के दो सीजन आ चुके हैं और दोनों को ही लोगों ने काफी पसंद किया है। इस नए सीजन के ट्रेलर भी आते ही धमाल मचा दिया था। अब फैंस 11 जुलाई को जियो-हॉटस्टार पर रिलीज होने वाले इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# पहली फिल्म बनने में 6 साल लगे, रेंट के पैसे नहीं थे, मॉडल है एक्टिंग नहीं आती कहकर नकारा गया

**एक जमाने में सुपर मॉडल रहे अर्जुन रामपाल ने जब फिल्मों में कदम रखा, तो मॉडल होने के नाते उन्हें लंबे समय तक आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा कि मॉडल अभिनय नहीं कर सकते, मगर बीते 25 सालों में अर्जुन लगातार अपने क्राफ्ट पर काम करते गए और रॉक ऑन केयि उन्होंने सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी हासिल किया। इन दिनों वे खबरों में हैं अपनी नई वेब सीरीज राना नायडू से।**

**आप जब मॉडलिंग से फिल्मों में आए तो आपकी पहली फिल्म मोक्ष को बनने में पूरे 6 साल लग गए थे, वो समय आपके लिए कितना कठिन था?**

मैंने जब अपनी पहली फिल्म मोक्ष के रशेज (कुछ दृश्य) देखे तो मुझे खुद से नफरत हो गई थी। मुझे लगा कि मैं कैमरे के सामने इतना स्टिफ क्यों लग रहा हूं। फिर मैंने उसका विश्लेषण किया और मैंने पाया कि मॉडल के रूप में हमें कैमरे के आगे विशेष तरह से चलने और पोज देने की ट्रेनिंग दी जाती है, मगर जब आप फिल्म करते हैं, तो आपको किरदार में ढलना होता है। आपको बुत की तरह खड़े नहीं रहना होता। उन रशेज को देखकर मैंने तय किया कि मैं एक्टर की दिशा में आगे कदम बढ़ाऊंगा, तो मैंने ऐलान कर दिया कि मैं मॉडलिंग से संन्यास ले रहा हूं। तब मैं नहीं जानता था कि मोक्ष को बनने में 6 साल लग जाएंगे। मैं मॉडलिंग छोड़ चुका था और मेरे इनकम का स्त्रोत भी बंद हो चुका था। बहुत मुश्किल समय था। कई बार मेरे पास किराया भरने के पैसे नहीं होते थे, मगर उस दौर ने बहुत कुछ दिया भी।

**मॉडल होने के नाते जब आपको आलोचनाओं का शिकार भी होना पड़ा कि आप अभिनय नहीं कर सकते? मगर फिर आपको आगे चलकर राष्ट्रीय पुरस्कार (रॉक ऑन के लिए सहायक अभिनेता का) भी मिला?**

बहुत दुख होता था, जब मुझे और मेरे अभिनय को क्रिटिसाइज किया जाता था। शुरुआत में जब आप नए होते हैं, तो आपको प्रोत्साहन चाहिए होता है, क्योंकि उस वक्त आप खुद असुरक्षित होते हैं कि आपको काम आता है या नहीं? ऐसे में जब आपके काम को बुरा बोला जाता है, तो बहुत तकलीफ होती है। किसी फिल्म पर आप साल भर मेहनत करते हो, फिर शुक्रवार को आप उसे दर्शकों को सौंप देते हो और अगर दर्शक उसे नकार दें, तो आप गिर जाते हो, टूट जाते हो। साइकोलॉजिकल रूप से यह आपको बहुत प्रभावित कर देता है। शुरू में तो मैं आलोचकों पंचिंग बैग बन गया था। मैं जितना उन्हें महत्व देता, वे उतनी अधिक आलोचना करते। फिर एक समय ऐसा आया कि मैंने तय किया कि मैं अब अपने किरदारों को अहमियत दूंगा। मैंने क्रिटिसिज्म की परवाह करना छोड़ दिया और उन्होंने मेरे बारे में कहना।

**पहले मॉडलिंग फिर सिनेमा और अब ओटीटी, आपके लिए ये शिफ्ट कैसा है?**

मेरे लिए ये शिफ्ट ज्यादा कुछ नहीं है। माध्यम तो अभिनय का ही है। काम भी वही है, लोग वही हैं, निर्देशक और कहानियां भी कमोबेश वही हैं। बस एक चीज जो अलग है, वो ये कि आपको अपने किरदार पर काम करने का अधिक समय मिल जाता है। कहानी परतदार होती है। इन दिनों मैं ओटीटी पर काफी इंडियन और विदेशी कॉन्टेंट देख रहा हूं और मैंने पाया कि जिन शोज के किरदार और कहानियां मजबूत होती हैं, उनकी ग्रिप भी सुदृढ़ होती है, तो ये मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं। मैंने अपने करियर में जो भी रोल किए हमेशा से खुद को किरदार के रूप में देखा। अब तो जो फिल्में या ओटीटी पर शोज बन रहे हैं, उसमें दर्शक एक्टर को नहीं बल्कि किरदारों को देखना चाहते हैं और साथ ही ये देखना चाहते हैं कि उन चरित्रों के साथ अभिनेता ने न्याय किया या नहीं, तो मेरे लिए ये बहुत अच्छा समय है, क्योंकि मुझे उस तरह के चरित्र मिल रहे हैं, जिनमें मैं प्रवेश कर सकता हूं। वेब सीरीज के साथ मैं फिल्में भी कर रहा हूं।

**आपकी ताजातरीन वेब सीरीज राना नायडू में सितारों का मेला लगा हुआ है, तो इसका हिस्सा बनते हुए मन में कोई असुरक्षा थी कि आपकी भूमिका क्या आकार लेगी?**

अगर आप मेरा करियर देखेंगी तो मैं इंडस्ट्री के तमाम बड़े सितारों के साथ काम कर चुका हूं। मैंने कई मल्टी स्टार कास्ट फिल्में भी की हैं, तो मैं कभी भी किसी इंसिक्योरिटी के साथ नहीं आता। एक अभिनेता के रूप में जब आप स्क्रिप्ट पढ़ रहे होते हैं, तो आपको कुछ उस वक्त फैसला लेना होता है कि क्या मैं इस किरदार के साथ इंसाफ कर पाऊंगा? क्या अभिनेता के रूप में यह मुझमें कुछ जोड़ेगा? उस वक्त अपने निर्देशक के साथ रोल को लेकर आपके सारे डिस्कशन हो जाने चाहिए। आपको कुछ कमी लग रही है, तो उस पर भी बात हो जानी चाहिए, ताकि सेट पर सब कुछ स्पष्ट रहे। मुझे जब इस भूमिका का प्रस्ताव मिला, तो यह किरदार मुझे काफी जटिल लगा। जिसके कारण इसकी लेयरिंग भी थी। मैंने निर्देशक करण अंशुमन से सारी चीजें डिस्कस करने के बाद यही कहा कि आप जब लिखेंगे, तो मेरे किरदार को ऐसे लिखिएगा कि मुझे उसे निभाते हुए थोड़ी छूट मिल सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in